अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 66 | लखनऊ, गुरुवार, 18 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### महाराष्ट्र के गढ़िचरौली में मुठभेड़, दो महिला नक्सली ढेर

गढ़िचरौली। नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में महाराष्ट्र के गढ़िचरौली जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले के एटापल्ली तहसील के जांबिया गट्टा वन क्षेत्र में बुधवार को मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गयीं। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से एक अत्याधुनिक एके-47 राइफल और एक पिस्तौल बरामद की गयी। पुलिस के मुताबिक, सूचना मिली थी कि गढ़िचरौली जिले की एटापल्ली तहसील के अंतर्गत मौजा मोडस्के के जंगलों में गट्टा दलम के कुछ नक्सली छिपे हुए हैं। इस गुप्त सूचना के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्य साई कार्तिक के नेतृत्व में सी-60 बल की पांच टुकड़ियां अहेरी से रवाना की गईं। अभियान के दौरान गट्टा-जांबिया की पुलिस टुकड़ी और सीआरपीएफ की 191वीं बटालियन की ई कंपनी ने जंगल को बाहर से घेर लिया।

### माता वैष्णो देवी की यात्रा फिर से शुरू, श्रद्धालुओं में जबर्दस्त उत्साह

कटरा। जयकारों के बीच जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा बुधवार को फिर से शुरू हो गई। हाल ही में आए विनाशकारी भूस्खलन के कारण 22 दिनों तक यात्रा स्थगित रही थी। इस भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई थी और 20 घायल हो गए थे। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने अनुकूल मौसम की स्थिति में आज सुबह यात्रा को फिर से खोलने की घोषणा की जिससे बड़ी संख्या में कटरा शहर में डेरा डाले श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे। कटरा शहर तीर्थयात्रियों का आधार शिविर है।

### बिहार विधानसभा चुनाव से ईवीएम पर दिखेंगे उम्मीदवारों के रंगीन फोटो

नयी दिल्ली, 17 सितंबर (वार्ता) भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने इसी साल कराये जाने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मीशनी (ईवीएम) पर लगाये जाने वाले मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम के साथ उनकी रंगीन तस्वीरें भी रखेगा। भविष्य में अन्य विधानसभा चुनावों और आम चुनाव में भी ईवीएम मतपत्रों में ये संशोधन दिखेंगे। आयोग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने मतदाताओं की सुविधा के लिए ईवीएम मतपत्रों को अधिक स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए संबंधित दिशानिर्देशों में संशोधन किये हैं। इन बदलावों के अंतर्गत अब ईवीएम पर उम्मीदवारों/नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में मुद्रित होंगे।

# कारीगरों, शिल्पकारों ने यूपी को बीमारू राज्य से विकास का ग्रोथ इंजन बना दिया : योगी

## 111 कनिष्ठ सहायकों की भर्ती के बाद सौंपा गया नियुक्ति पत्र

● विश्वकर्मा जयंती पर सीएम योगी का बड़ा ऐलान : टूलकिट और ट्रेनिंग स्कीम से जुड़ेंगे 12 नए ट्रेड्स

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'विश्वकर्मा एक्सपो-2025' का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि म्रंपरागत 11 कारीगर ट्रेड्स के साथ अब 12 नए ट्रेड्स को जोड़ा गया है। इनमें मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल गुड्स रिपेयरिंग, प्लंबर, कम्प्यूटर रिपेयरिंग, सोलर पैनल रिपेयरिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, ब्यूटी एंड वेलनेस सहित अन्य शामिल हैं। सीएम योगी ने कहा कि इन नए क्षेत्रों को जोड़कर युवाओं को आत्मनिर्भरता, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े आठ साल में हमारे कारीगरों, शिल्पकारों ने यूपी को बीमारू राज्य से बाहर निकालकर इसे विकास का ग्रोथ इंजन बना दिया है। अब कोई मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति ही इसे बीमारू राज्य कहता होगा, अन्यथा पूरे देश की धारणा उत्तर प्रदेश को लेकर बदल चुकी है।

### एमएसएमई सेक्टर के लिए 1.32 लाख करोड़ का ऋण

कार्यक्रम में प्रदेश भर के कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के लिए बैंकों द्वारा 1,32,000 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राशि कई राज्यों के वार्षिक बजट से भी अधिक है। मंच से सीएम योगी ने सीतापुर की शशि देवी को 2 लाख रुपये और लखनऊ की अंशु शर्मा को 9.5 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया।

### 12 हजार कारीगरों को टूलकिट वितरण

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत प्रदेश भर के 12,000 कारीगरों को टूलकिट वितरण किया गया। इनमें लखनऊ के ऋत्विक कनौजिया और प्रियंका कुमारी को मंच से टूलकिट प्रदान कर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

# घुसपैठिए के दम पर चुनाव जीतना चाहता है विपक्ष : अमित शाह

● सेवा पखवाड़ा: गृहमंत्री शाह ने दिल्ली के लिए 1723 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

एजेंसी



नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि ल्घुसपैठिया बचाओ यात्राङ्क निकालने वाले राहुल गांधी, घुसपैठियों के दम पर चुनाव जीतान चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार मतदाता सूची को शुद्ध करने और घुसपैठियों को हटाने की प्रक्रिया का पूरा समर्थन करती है। अमित शाह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा पखवाड़े' की शुरुआत के तहत दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने दिल्ली सरकार की लगभग 1723 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में अमित शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को भारत की जनता पर भरोसा नहीं है और वे 'घुसपैठियों' के आधार पर ही चुनाव जीतना चाहते हैं। शाह ने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए जनता से अपील की कि वे 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' के असली मकसद को पहचानें।

# उत्तर प्रदेश में सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार तबादले हो रहे हैं। इसी क्रम में शासन ने बुधवार को सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इससे पहले मंगलवार रात को 16 आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए थे। जिन सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी की गई है उनमें देवरंजन वर्मा का सबसे पहले नाम है। उन्हें पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। इससे पहले उनको नियम एवं ग्रंथ का प्रभार सौंपा गया था। डा. सतीश कुमार को सेना नायक एसडीआरएफ लखनऊ से पुलिस मुख्यालय भेजा है। अभिजीत कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मेरठ बनाया गया है। इसी तरह अतुल कुमार श्रीवास्तव को रामपुर से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, ममता रानी चौधरी को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, शैलेंद्र कुमार सिंह को अमेठी से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और त्रिगुण बिसेन को फिरोजाबाद से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर नवीन तैनाती मिली है।

# 'नारी शक्ति' भारत के विकास की नींव : मोदी

एजेंसी



● प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के धार में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान और 'राष्ट्रीय पोषण माह' का किया शुभारंभ

धार (मध्य प्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति को भारत के विकास की असली नींव बताते हुए देशभर की माताओं-बहनों से संकोच छोड़ कर स्वास्थ्य शिविरों में जाकर निःशुल्क जांच कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके उत्तम स्वास्थ्य से ज्यादा मूल्यवान कोई सरकारी तिजोरी नहीं है। प्रधानमंत्री बुधवार को मध्य प्रदेश के धार में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान और 'राष्ट्रीय पोषण माह' का शुभारंभ करने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि मां स्वस्थ है तो पूरा परिवार स्वस्थ रहता है और यदि मां बीमार हो जाए तो घर की पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई पहलें केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि उन बच्चों और भावी नागरिकों के लिए भी हैं, जो अभी पैदा होने वाले हैं। उन्होंने कहा, ल्यह सुनिश्चित करना कि बच्चे स्वस्थ पैदा हों, उनकी भविष्य की भलाई और समृद्धि की नींव रखता है। यह कार्य केवल एक पीढ़ी का नहीं बल्कि अनगिनत पीढ़ियों का आशीर्वाद है। मोदी ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए 2017 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पहली संतान पर पांच हजार रुपये और दूसरी बेटी के जन्म पर छह हजार रुपये सीधे लाभार्थी माताओं के बैंक खातों में जमा किए जाते हैं। अब तक 4.5 करोड़ से अधिक गर्भवती माताओं को इस योजना का लाभ मिला है और लगभग 19 हजार करोड़ रुपये सीधे उनके खातों तक पहुंचाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने देशभर की माताओं-बहनों से संकोच छोड़कर स्वास्थ्य शिविरों में जाकर निःशुल्क जांच कराने की अपील की। उन्होंने कहा, ल्इन शिविरों में कितनी भी महंगी जांच क्यों न हो, सब मुफ्त होंगी। आपके उत्तम स्वास्थ्य से ज्यादा मूल्यवान कोई सरकारी तिजोरी नहीं है। आयुष्मान कार्ड आपके लिए सुरक्षा कवच है। लाखों कैंप लगने वाले हैं और मैं अपने भाइयों से भी आग्रह करता हूं कि वे अपनी माताओं, बहनों और बेटियों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं।

# अपहरण का खुलासा करने वाली पुलिस टीम पुरस्कृत



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने टीम को दिया 50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार

नोएडा। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने अपहरण के एक मामले का खुलासा करने पर पुलिस टीम को 50000 का नकद इनाम दिया है। ये गुड वर्क पुलिस आयुक्त के निर्देशन व डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मिया खान के नेतृत्व में थाना दनकौर पुलिस, स्वाट टीम, थाना ईकोटेक-1, व थाना बीटा-2 की टीम द्वारा किया गया। पुलिस टीम ने गाजियाबाद से हुई अपहरण की इस घटना का खुलासा कर अपहृत की सकुशल बरामदगी भी की है। इस खुलासे पर अपहृत के परिजनों व गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का धन्यवाद किया है।पुलिस प्रवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने टीम के उत्साहवर्धन के लिए 50,000 रुपये का पुरस्कार दिया है।

### नोएडा में गांजा तस्कर पकड़ा, 1150 ग्राम माल बरामद



नोएडा। गौतमबुद्ध नगर के थाना फ़ेस-1 ने गांजा तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 किलो 150 ग्राम गांजा भी बरामद किया है।पुलिस विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार थाना फ़ेस-1 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से एक गांजा तस्कर सचिन पुत्र विशम्भर सिंह सैनी को सेक्टर-10 के पास से गिरफ्तार किया है। उसके के कब्जे 1150 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। आरोपी सचिन उम्र 23 वर्ष, लाल सराय नगीना, थाना कोतवाली नगीना, जिला बिजनौर का मूल निवासी है। उसका वर्तमान पता जेजे कॉलोनी, सेक्टर-10, थाना फ़ेज 1 नोएडा है।

# सेवा ही संकल्प, सेवा ही संस्कार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नोएडा। राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर आरंभ हुए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज सेक्टर-39 जिला अस्पताल में आयोजित स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। सांसद Dr. Mahesh Sharma सहित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित हुए ।

# अशिवनी वैष्णव ने बेंगलुरु में एआरएम के नए कार्यालय का किया उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● एआई सर्वर, ड्रोन और मोबाइल फोन में इस्तेमाल होने वाले सबसे उन्नत चिप्स, 2 नैनोमीटर चिप्स यहीं डिज़ाइन किए जाएँगे

● वर्तमान भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग 11.5 लाख करोड़ का है: अश्विनी वैष्णव





नई दिल्ली। रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने आज बेंगलुरु में सेमीकंडक्टर डिज़ाइन से जुड़ी कंपनी, एआरएम के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि ''एआई सर्वर, ड्रोन और मोबाइल फोन में इस्तेमाल होने वाले 2 नैनोमीटर के सबसे उन्नत चिप्स यहीं डिज़ाइन किए जाएँगे। उद्घाटन के बाद बोलते हुए, अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआरएम की नई बेंगलुरु इकाई मोबाइल फोन सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए 2 एनएम चिप्स सहित चिप्स डिज़ाइन करेगी। उन्होंने इसे भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

मंत्री ने कहा, ''हमारा उद्देश्य सेमीकंडक्टर के साथ-साथ उनके लिए आवश्यक उपकरणों और सामग्रियों का डिज़ाइन और निर्माण करना है।'' यह एक बहुत लंबी दूरदर्शी प्रक्रिया है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस पर स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अगले 20 वर्षों के विजन के साथ, हमारे युवाओं और प्रतिभाशाली इंजीनियरों को दुनिया में सर्वोत्तम अवसर प्राप्त होंगे। मंत्री महोदय ने आगे कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में वृद्धि से सेमीकंडक्टर चिप्स की माँग दोगुनी हो रही है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री महोदय ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में छह गुना वृद्धि हुई है। वर्तमान में यह 11.5 लाख करोड़ का उद्योग है। निर्यात में आठ गुना वृद्धि हुई है। इलेक्ट्रॉनिक्स भारत के लिए प्रमुख निर्यात उत्पाद बन रहे हैं। मोबाइल फोन और लैपटॉप की असेंबली से शुरू हुआ यह सफ़र अब उनके मॉडल, कंपोनेंट्स और तैयार उत्पादों के उत्पादन की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस सफ़र में बहुत व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। सेमीकंडक्टर सेक्टर एक ट्रिलियन डॉलर के उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है और इसमें प्रतिभाओं की आवश्यकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यह एक उपयुक्त समय है। इसके लिए 278 संस्थान और विश्वविद्यालय काम कर रहे हैं और उनके छात्र सेमीकंडक्टर चिप्स के डिज़ाइन और इनोवेशन में लगे हुए हैं। वर्तमान में, 25 संस्थानों के छात्रों द्वारा डिज़ाइन की गई 28 चिप्स तैयार हो चुकी हैं। हमने भारत के सेमीकंडक्टर मिशन का पहला संस्करण व्यावहारिक रूप से पूरा कर लिया है और अब दूसरे संस्करण की ओर बढ़ रहे हैं। इसमें सेमीकंडक्टर चिप्स के लिए आवश्यक उपकरणों और सामग्रियों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इससे पहले, दिन में, मंत्री महोदय ने सेमीकंडक्टर निर्माण उपकरणों में प्रयुक्त उच्च परिशुद्धता वाले घटकों के निर्माण पर चर्चा की। कार्बोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड ने सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए उपकरणों के निर्माण में प्रयुक्त कुछ सामग्रियों का प्रदर्शन किया।

### चुनाव आयोग बना जुगाड़ आयोग : अखिलेश यादव

लखनऊ। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की ओर से शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की विश्वसनीयता पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने एसआईआर को फर्जी वोटर बनाने वाला करार दिया है। अखिलेश यादव बुधवार को राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान केन्द्रीय चुनाव आयोग पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग को जुगाड़ आयोग बना दिया है। सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि यूपी के बुंदेलखंड के महोबा जनपद में एक ही घर में 4 हजार से अधिक वोट बने हुए हैं। इसी तरह उन्होंने गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में भी इसी तरह से एक ही पते पर फर्जी वोट बनाए जाने का आरोप लगाया।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर विधान सभा अध्यक्ष महाना ने बांटे गुलगुले

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को विधानभवन प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर विधानसभा के अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों और स्कूली बच्चों के बीच परंपरागत व्यंजन गुलगुले वितरित कर जन्मदिवस को उल्लासपूर्वक मनाया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी प्रेस रूम के बाहर लगी है। इस मौके पर विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे, विस अध्यक्ष के मीडिया



सलाहकार वरिष्ठ पत्रकार श्रीधर अग्निहोत्री समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## एसटीएफ ने पुलिस कस्टडी से फरार हत्यारोपी को पकड़ा

**लखनऊ।** एसटीएफ ने मंगलवार देर शाम पुलिस अभिरक्षा से फरार चल रहे हत्यारोपी शिवकुमार उर्फ बब्लू को क्लार्क अवध होटल के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। एसटीएफ को मंगलवार को विश्वसनीय सूचना मिली कि शिवकुमार उर्फ बब्लू वजीरगंज थाना क्षेत्र स्थित क्लार्क अवध होटल के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी का समय रात लगभग 8.30 बजे का बताया जा रहा है। पूछताछ में शिवकुमार ने खुलासा किया कि वह शराब पीने का आदि है और इसी बात को लेकर उसका अपने बेटे से अक्सर विवाद होता था। 22 मार्च 2025 को भी झगड़ा हुआ और गुस्से में उसने अपने बेटे के सिर पर हथौड़ी से वार कर दिया।

# राजधानी में मूसलाधार बारिश, नगर निगम दफ्तर में भरा पानी, रोजगार मेले का पंडाल डूबा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। दिन में अंधेरा छा गया है। जगह-जगह सड़कों पर जलभराव हो गया है। कई इलाकों में दुकानों-घरों में पानी भर गया है। बारिश से बचने के लिए दोपहिया वाहन चालक फ्लाईओवर और मेट्रो लाइन के नीचे छिप गए हैं। नगर निगम के मुख्यालय में जलभराव हो गया है। कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में लगे रोजगार मेले का पंडाल पानी में डूब गया। गोलागंज में घरों और दुकानों में पानी घुस गया है। हजरतगंज चौराहे पर जलभराव के बीच ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल कर रही है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि दिनभर काले बादल छाए रहेंगे। कई इलाकों में बारिश होगी। तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। बारिश के बाद राजधानी के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। फिलहाल तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, जो बारिश के बाद घटकर 30 डिग्री के करीब आ जाएगा। न्यूनतम तापमान भी घटकर लगभग 25 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

# शोध और विज्ञान के लिए इं. हेमन्त सम्मानित आठवीं बार रक्तदान

- नदी कटान संबंधी एक नवीन शोध पत्र का राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। जिला बिजनौर उ.प्र. के गाँव फीना निवासी इं. हेमन्त कुमार को उल्लेखनीय जनोपयोगी शोध तथा विज्ञान प्रसार कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन राज्यमंत्री राकेश राठौर ने लखनऊ में सम्मानित किया। इससे पूर्व इं. हेमन्त कुमार ने डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के रक्तदान कार्यक्रम में आठवी बार रक्तदान किया। अभियंता संघरत्न आर के दत्ता की पुण्यतिथि और अभियंता दिवस के अवसर पर उप्रडिइंमहासंघ लखनऊ मण्डल ने डॉ. राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन सिंचाई तेलीबाग लखनऊ में रक्तदान और सम्मान समरोह का आयोजन किया था। राज्य मंत्री ने अनेक बार रक्तदान करने वालों के अलावा विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए हेमन्त कुमार को विज्ञान सेवा सम्मान से पुरस्कृत किया। मंडल महासचिव प्रदीप शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि इं. हेमन्त कुमार ने जनोपयोगी विज्ञान और तकनीकी शोध के विकास और प्रसार में महत्वपूर्ण कार्य किया है और इसी क्रम में आज इनके एक बड़े शोधपत्र का लोकार्पण भी किया जाना है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में हेमन्त कुमार द्वारा लिखे गए नदी कटान संबंधी एक नवीन शोध पत्र का लोकार्पण राज्यमंत्री ने किया। इस शोधपत्र के माध्यम से इं. हेमन्त ने नदियों के तीव्र मोड़ से बने हेयर पिन बैंड के कटान के खतरे का स्तर ज्ञात करने के लिए नये गणितीय सूत्रों को खोजकर प्रस्तुत किया है। इस शोध का नाम नीड टू प्रोटेक्ट मेंडर नैरो नेक एंड हेमन्त कुमार इंडेक्स एंड फार्मूला फॉर फाइंडिंग इट्स वलनेरेबिलिटी लेवल है। नदी नाले अनेक स्थानों पर हेयर पिन बैंड की आकृति में बहने लगते हैं स्थानीय भाषा में इसे चिमटा मोड कहा जाता है। हेयर पिन बैंड के कारण एक परिस्थिति ऐसी बनती है जहाँ नदी पलटकर कर वापस मूल दिशा की ओर बहने लगती है और ऊपरी जलधारा के काफी नजदीक आकर फिर से अन्य दिशा में चली जाती है। इस स्थान को नदी इंजीनियरिंग में नैरो मेंडर नेक कहा जाता है। अपवाद को छोड़कर नैरो मेंडर नेक की मोटाई हर बाढ़ के बाद थोड़ी बहुत कम होते होते कुछ वर्षों में पूर्ण रूप से कटकर गायब हो जाती है। मोड़ के लंबे मार्ग को छोड़कर पानी इस नेक कट से नीचे की ओर जाने लगता है जोकि कई मायनों में बहुत नुकसानदायक है। प्रस्तुत शोध के माध्यम से यह ध्यानाकर्षण किया गया कि नैरो मेंडर नेक को कटने से बचाना अत्यंत लाभदायक होता है अभी तक नैरो मेंडर नेक की सुरक्षा के अलग से प्रबंध करने की परिपाटी नहीं है बल्कि स्थापित धारणा के अनुसार इसका कटना ठीक माना जाता है। इस शोध में मेंडर लूप लेंथ के सहारे जलधारा की गतिज ऊर्जा में होने वाली वृद्धि के आंकलन के सूत्र का प्रतिपादन भी हेमन्त कुमार ने किया। रिवर बेसिन में मौजूद अनेक मेंडर नेक में किस पर प्राथमिकता से कटानरोधी कार्य कराना चाहिए इसके लिए भी एक नया सिद्धांत और गणितीय सूत्र का प्रतिपादन इस शोध में किया गया है। इस प्रकार इस शोध के माध्यम से दो मौलिक सिद्धांत और तीन सूत्र सामने आये। राज्य मंत्री राकेश राठौर और बड़ी संख्या में मौजूद अभियंताओं ने इस महत्वपूर्ण खोज पर हर्ष जताया। हेमन्त कुमार ने बताया कि यह शोध अपवाद को छोड़कर पूरी दुनिया के नदी नालों में प्रयोग किया जा सकता है। उम्मीद है इस शोध के प्रयोग से नदी के कटान की दर में कुछ न कुछ कमी आएगी और नदी आकृति अध्ययन एक कदम आगे बढ़ेगा। इस दृष्टि से यह शोधकार्य बड़ी संख्या में लोगों को भी लाभ पहुँचा सकता है।

## सड़क हादसे में मेडिकल स्टोर संचालक की मौत

लखनऊ। राजधानी में रोड एक्सीडेंट में मेडिकल स्टोर संचालक की मौत हो गई। मंगलवार रात दुकान बंद करके घर लौट रहे थे। तभी टाटा के चेचिस ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए चंदन हॉस्पिटल लाया गया। जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गई। डिग डिग गोयला चिनहट निवासी रवि यादव (27) पुत्र प्रमोद यादव देवा रोड माटेला मामाती में संजीवनी मेडिकल स्टोर नाम से दुकान चलाते थे। चचेरे भाई सचिन ने बताया कि मंगलवार रात 10.50 बजे दुकान बंद करके घर लौट रहे थे। देवा रोड बाराबंकी पर अडानी जेम्स स्कूल के पास पहुंचे थे। तभी तेज रफ्तार टाटा की चेचिस गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रवि 50 फीट दूर जा गिरे और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी। रवि को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से परिजन उन्हें चंदन हॉस्पिटल ले आए जहां इलाज के दौरान रवि की मौत हो गई पुलिस ने सबको पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है परिजनों ने गाड़ी चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# पर्यटन विभाग इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में प्रदर्शित करेगा पवेलियन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 यूपीआईटीएस में एक विशेष पवेलियन प्रदर्शित करेगा। इस पवेलियन में राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन निवेश संभावनाएं और आर्थिक प्रगति को प्रमुख रूप से दर्शाया जाएगा। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र को राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में एक अहम भागीदार के रूप में प्रस्तुत करना है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि यूपीआईटीएस-2025 में नीति निर्माता, वैश्विक निवेशक, कारोबारी, शैक्षणिक प्रतिनिधि और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख हस्तियां भाग लेंगी। इस दौरान राज्य में निवेश और पर्यटन के नए अवसरों पर व्यापक विमर्श किया जाएगा। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के पवेलियन को इस बार पूरी तरह से इमर्सिव और पर्यावरण-अनुकूल रूप में तैयार किया जा रहा है। इस पवेलियन में डिजिटल स्टोरीटेलिंग, एआर वीआर आधारित डिस्प्ले, ऑटो-नेविगेशन कियोस्क और सेल्फी जोन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आगंतुकों के सांस्कृतिक अनुभव के लिए ब्रज का मयूर नृत्य, सोनभद्र और लखीमपुर के जनजातीय नृत्य, झांसी का बुंदेली नृत्य और लखनऊ घराने की कथक प्रस्तुतियां होंगी। पवेलियन राज्य की विविधता और परंपरा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करेगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अपने मोबाइल ऐप के प्रचार पर विशेष ध्यान देगा। ऐप में क्यूआर-कोड के माध्यम से डाउनलोड की सुविधा उपलब्ध होगी और यह उपयोगकर्ताओं को आध्यात्मिक, बौद्ध, ग्रामीण और वेलनेस पर्यटन के लिए विशेष रूप से तैयार यात्रा कार्यक्रम प्रदान करेगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ओडीओपी, हस्तशिल्प, मंदिरों की वास्तुकला और ग्रामीण पर्यटन में नवाचार को भी प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। विभाग निवेशकों के लिए पीपीपी-रेडी हेरिटेज प्रोजेक्ट्स की जानकारी उपलब्ध कराएगा, साथ ही पूंजी सब्सिडी, भूमि आवंटन, टैक्स छूट और सिंगल विंडो क्लीयरेंस जैसी नीतिगत प्रोत्साहनों का विवरण साझा करेगा। यूपीआईटीएस पवेलियन को व्यापारिक अवसरों के अनुकूल बनाया जा रहा है। इसमें आरामदायक लाउंज, बी-टू-बी संवाद के लिए विशेष क्षेत्र और मीडिया किट्स की व्यवस्था की गई है। यह मंच निवेशकों, नीति-निर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवसर प्रदान करेगा और सतत पर्यटन विकास के राज्य के विजन को प्रदर्शित करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन हमारी विकसित भारत 2047 की दृष्टि के केंद्र में है। यूपीआईटीएस में प्रदेश की अद्वितीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का उत्सव ही नहीं मनाया जाएगा, यह भी प्रदर्शित करेंगे कि राज्य कैसे वैश्विक निवेशकों और उद्यमियों के लिए नए द्वार खोल रहा है। बौद्ध सर्किट सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों के माध्यम से उत्तर प्रदेश स्वयं को परंपरा और अवसर के संगम स्थल के रूप में स्थापित कर रहा है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि यूपीआईटीएस-2025 में उत्तर प्रदेश का पवेलियन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक समग्र अनुभव प्रस्तुत करेगा। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नीतिगत निवेश संवाद के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य रोजगार सृजन, विरासत को आय के श्रोत में विकसित करना और सतत पर्यटन को बढ़ावा देना है।

## ट्रेन की चपेट में आने से ड्राइवर की मौत

लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के मस्तीपुर में एक ट्रेन दुर्घटना में 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान ड्राइवर हरिवंश खेड़ा के रहने वाले भारत लाल के रूप में हुई है। वह श्यामलाल के पुत्र थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दुर्घटना की खबर सुनते ही मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पत्नी गायत्री ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 बजे पति वकील से मिलने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। कुछ देर बाद सूचना मिली कि मस्तीपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर उनका शव पड़ा है। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा ऋषभ निजी कंपनी में नौकरी करता है। दूसरा बेटा आयुष ऑटो चलाता है। तीसरा बेटा आदित्य और बेटी सपना पढ़ाई कर रही हैं। पिता की मौत से पूरा परिवार सदमे में है।

# सपा छात्र सभा ने बेरोजगारी दिवस मनाते हुए किया प्रदर्शन, बूट पालिश कर मांगा रोजगार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी छात्र सभा ने बुधवार को बेरोजगारी दिवस मनाते हुए राजधानी लखनऊ में प्रदर्शन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय गेट पर सपा छात्र सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को पकड़ते हुए बसों से इको गार्डन भेज दिया। वहीं दारुल शफा विधायक निवास के बाहर सपा छात्र सभा ने बूट पालिश कर बेरोजगारी को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया।

सपा छात्र सभा के बैनरतले सैकड़ों छात्र व कार्यकर्ता बेरोजगारी और महंगाई को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर पहुंचे और प्रदर्शन दिया। नारेबाजी




करते हुए कार्यकर्ता हाथों में थाली और बैनर लेकर विरोध जताया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया। इस दौरान काफी नोकझोंक और धक्का मुक्की भी हुई। उधर, समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी के मुद्दे पर हजरतगंज स्थित दारुल शफा विधायक निवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जूता पालिश कर अपना विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और बेरोजगारी के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। सपा नेता जय सिंह यादव ने कहा कि मोदी सरकार बनने पर 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वादे को पूरा न करने को लेकर छात्र सभा के सदस्यों ने बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान जूता पालिश करके युवा विरोधी सरकार को नींद से जगा रहे हैं।

# मायावती,अखिलेश यादव ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई, लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश और मायावती ने च्ड मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनकी लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को स्वस्थ, सार्थक, सौहार्दपूर्ण, समावेशी, सकारात्मक जीवन की शुभकामनाओं के साथ जन्मदिन की हार्दिक बधाई। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की भी कुदरत से कामना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज अपने आत्मविश्वास से पूरी दुनिया को प्रेरित कर रहा है। मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ करते हुये उन्होंने कहा श यह हम सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पावन जन्मदिन से हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है। योगी ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है।

# महिला के पेट से निकाला 20 किलो का ट्यूमर

- बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने पाई सफलता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल के सर्जन और डॉक्टरों की टीम ने फैजाबाद की महिला के पेट से 20 किलो का ट्यूमर निकालने में सफलता पाई है। डॉक्टरों के मुताबिक महिला अब पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉक्टरों ने दावा किया है कि इस तरह का जटिल ऑपरेशन करके पहली बार इतना बड़ा ट्यूमर निकाला गया है। बलरामपुर के अफसरों ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी है। फैजाबाद निवासी रामधीरज की पत्नी शैलेश कुमारी (45) के पेट में सूजन व दर्द, भूख न लगना, कमजोरी की शिकायत थी। पेट बहुत फूला हुआ था। परिवारीजन बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में 10 सितंबर को पहुंचे। यहां सर्जन डॉ. एसके सक्सेना ने मरीज देखा। उन्होंने जांच करके तुरंत ही महिला मरीज को भर्ती कर लिया। जांच की तो बड़ी ट्यूमर था। डॉ. एसके सक्सेना के मुताबिक महिला को परिवारीजनों ने फैजाबाद, लखनऊ के कई अस्पतालों में दिखाया था, लेकिन वहां से कोई लाभ नहीं मिला। डॉ. एसके सक्सेना ने बताया कि महिला को खून की कमी थी। इसलिए पहले खून चढ़वाया गया। फिर सारी तैयारी करके मंगलवार को ऑपरेशन किया गया। करीब ढाई घंटे ऑपरेशन चला। सर्जन डॉ. एसके सक्सेना के अलावा जेआर डॉ. श्रीनाथ, नर्सिंग ऑफिसर उर्मिला व अंजना समेत पूरी टीम ने ऑपरेशन में कड़ी मेहनत की।

डॉ. सक्सेना ने बताया कि ढाई घंटे चले ऑपरेशन में कई टुकड़े करके ट्यूमर को बाहर निकाला गया। इतने वजन के ट्यूमर की वजह से महिला के खाने की नली, छोटी व बड़ी आंत, टट्टी का रास्ता, पेशाब की थैली दबी हुई थी। ऑपरेशन के दौरान सभी अंगों को सुरक्षित करते हुए सावधानी से ट्यूमर निकालने में सफलता पाई गई। ट्यूमर में ठोस और द्रव्य दोनों अव्यव थे। मरीज अभी भर्ती है। पहले से स्वास्थ्य में सुधार है। बलरामपुर की निदेशक डॉओ. कविता आर्या, सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, एमएस डॉक्टर . देवाशीष शुक्ला ने ट्यूमर निकालने वाली टीम को बधाई दी है।

## विश्कर्मा पूजा का हुआ आयोजन

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन विधि विधान से संपन्न हुआ। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन उप्र के प्रदेश महामंत्री कमल श्रीवास्तव, चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार, सत्य प्रकाश, आशीष मौर्या, शंभूनाथ, नेहा वर्मा, पूजा मिश्रा व अन्य डॉक्टर के साथ पैथोलॉजी विभाग के सभी कर्मी मौजूद रहे।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में 'हिंदी पखवाड़ा उत्सव 2025' का हुआ शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। हिंदी प्रकोष्ठ, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा 'हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य पर 'हिंदी पखवाड़ा उत्सव 2025' का शुभारंभ ,16 सितम्बर,2025 को पुराना प्रशासनिक भवन(सभागार), बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में किया गया। आज उद्घाटन के कार्यक्रम का विषय राजभाषा हिंदीः एक पहचान रहा जिस पर सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्रोफ़ेसर सतीश चंद्र द्विवेदी ( पूर्व बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री,स्वतंत्र प्रभार,उत्तर प्रदेश सरकार ) और बीज वक्ता के रूप में सभापति,भारतीय हिंदी परिषद्,प्रयाग व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो.पवन अग्रवाल व सारस्वत अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सह -संगठन मंत्री, अखिल भारतीय इतिहास संकलन श्री संजय जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति बी.बी.ए.यू.प्रोफ़ेसर राजकुमार मित्तल ने की।अतिथियों का स्वागत वक्तव्य कुलसचिव बी.बी.ए.यू. ,व कार्यक्रम सह- संरक्षक डॉ अश्विनी




कुमार सिंह जी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन सहायक निदेशक (राजभाषा) बी.बी.ए.यू, डॉ.बलजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। बीज वक्ता प्रो. पवन अग्रवाल ने सभा का मार्गदर्शन किया और सर्वप्रथम उन्होंने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आजादी के 75 वर्ष बीत जाने पर भी हिंदी के पूर्णतः राजभाषा पद पर प्रतिष्ठित ना होने पर चिंता व्यक्त की ! प्रो.अग्रवाल जी ने हिंदी को भारत की राष्ट्रीय एकता की संवाहिका कहा,भारतीय बोलियों का समुच्चय हिंदी को सशक्त करती है, उनके अनुसार क्षेत्रीय भाषाएं ही भाषा का संबल है ! उन्होंने हिंदी को स्वतन्त्रता आंदोलन की भाषा बताया और कहा कि आज हिंदी रोजगार की भाषा बन रही है,अंत में उन्होंने कहा आज हिंदी राजभाषा से वैश्विक भाषा की ओर जा रही है।

मुख्य अतिथि प्रो. सतीश चंद्र द्विवेदी जी ने कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं अपितु संस्कारों की जननी है। उन्होंने कहा हिंदी भारत की पहचान है,हिंदी भारत की आत्मा है ! हिंदी का शब्दकोश सम्पन्न है और सरकार हिंदी के साथ क्षेत्रीय भाषाओं को लगातार बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने का सपना गांधी जी का था और आने वाले दिनों में यह अवश्य पूर्ण होगा। सारस्वत अतिथि वक्ता श्री संजय जी ने कहाँ विश्व के जो संपन्न देश है वो अपनी मातृभाषा में बात करते हैं काम करते हैं ,इसलिए आज अगर भारत को आर्थिक संपन्न करना है तो अपनी भाषा व मातृभाषा में काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा हमारी कल्पना की भाषा मातृभाषा की होती है, तो अगर हम उसी भाषा में काम करते हैं तो वह अधिक मौलिक व उत्तम रहेगा। आज हमें अपने परिवारों में हिंदी भाषा की प्रयोग की अधिक आवश्यकता है, क्योंकि अगर हम घर से कटेंगे तो संस्कृति से दूर होते जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल जी ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिंदी को देश की पहचान बताते हुए कहा कि राष्ट्र भाषा राष्ट्रीय एकता की द्योतक। उन्होंने कहाँ हिंदी आज आर्थिक विकास की भाषा भी बन गई है, जो देश व विश्व की प्रगति में महत्पूर्ण योगदान दे रहा है। 'हिंदी पखवाड़ा उत्सव 2025' (16 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025) कार्यक्रम में निबंध, कविता,सुलेख, टंकण प्रतियोगिता व हिंदी के विविध उपविषयों 'हिंदी कार्यशाला' का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। व साथ ही एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'भारतीय ज्ञान परम्परा और हिंदी साहित्य' विषय पर व कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 30 सितंबर 2025 को समापन समारोह व पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ! मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा 'हिंदी पखवाड़ा उत्सव- 2025' कार्यक्रम की रूपरेखा की विवरणिका का लोकार्पण भी किया गया। इस समारोह का कुशल संचालन डॉ लता बाजपेई सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक आचार्य ,हिंदी विभाग, बी.बी.ए.यू. शिवशंकर यादव जी द्वारा सम्माननीय शिक्षाविदो ,साहित्यकारों एवं शोधार्थियों व विद्यार्थियों का आभार ज्ञापन किया गया।

# सरकार द्वारा चलायी जा रही है योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है: प्रेमावती


राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली की राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत जिला प्रशासन, हरदोई के सहयोग से एलिम्को कानपुर द्वारा चिन्हित वरिष्ठजनों को रसखान प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया, तथा चिन्हित 671 वरिष्ठजनों को 3912 सहायक उपकरणों का वितरण किया।

अध्यक्षा ने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा कई योजनाये चलायी जा रही है, जिसका लाभ सभी को मिल रहा है तथा आज वरिष्ठजनों के लिये व्हील चेयरए कान की मशीन प्वाट शीट के साथ ही अन्य जरूरी उपकरण आप सभी को दिये जा रहे है, ताकि किसी वृद्व को सहारे की जरूरत न पड़े। कार्यक्रम के अन्त मे अपर जिलाधिकारी न्यायिक पफुल्ल त्रिपाठी ने कार्यक्रम मे अध्यक्ष एवं वरिष्टजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, अति0 मजि0 अरूणिमा श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, एलिम्कों के नोडल हिमांशु शर्मा आदि उपस्थित रहें।

## विश्वकर्मा संदेश पत्रिका के नवम संस्करण का विमोचन किया गया


राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस पर उ0प्र0 विश्वकर्मा कल्याण सभा हरदोई द्वारा विश्वकर्मा मंदिर ज्योति नगर सीतापुर रोड हरदोई में आयोजित विश्वकर्मा पूजा एवं पत्रिका विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेमावती अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई एवि अतिथि श्री सुधीर कुमार शर्मा प्रोफेसर GDC, अशोक शर्मा एडवोकेट द्वारा विश्वकर्मा संदेश पत्रिका के नवम संस्करण का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत गीता शर्मा शिक्षिका, अनिल शर्मा अध्यक्ष, राजेश शर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष, नरेंद्र शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा महामंत्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा अधिवक्ता, रामकुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, सत्यम शर्मा, अरुण शर्मा, पवन शर्मा नंद किशोर शर्मा अनुपम शर्मा आदि उपस्थित रहें सभा की अध्यक्षता श्रीकृष्ण शर्मा संरक्षक विश्वकर्मा सभा/पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। भजन व कीर्तन का मधुर प्रस्तुतीकरण विद्यासागर शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया सभा के उपरांत भंडारा व प्रसाद वितरण किया गया मंच का संचालन सियाराम शर्मा द्वारा किया गया।

## पुलिस ने पांच घंटे मे किया चोरी का खुलासा, दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

राष्ट्रीय प्रस्तावना


बेनीगंज पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

**बेनीगंज ( हरदोई )।** कोतवाली क्षेत्र के कोथावा कस्बे के एक जेवलर्स की दुकान से ससुर बहु ने मिलकर एक महिला के बैग से 50 हजार रूपये सोने की माला चोरी कर ले गए थे। ऐसी घटना से कोथावा कस्बे मे हड़कप मच गया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। पुलिस ने पांच घंटे के अंदर चचिया ससुर व बहु को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पकड़े गए दोनों आरोपियों का पुलिस जेल भेज दिया गया है।

बताते चले बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के ऐमा गांव निवासीनी रौशनी पत्नी पुष्पेंद्र व सुनीता पत्नी सुनील मंगलवार सुबह 11:30 बजे कोथावा कस्बा स्थिति रमेश चंद्र की दुकान पर टूटी पायल व माला 5 पैडल वाला कीमत लगभग 50 हजार रुपये की बुँदे मे पेच डलवाने कोथावा कस्बा स्थिति रमेश चंद की दुकान पर आयी हुई थी।रौशनी के मुताबिक पर्स मे यह समान रखा था।यह पायल जुड़वाने लगी। इस दौरान सरोजनी पत्नी दिर्गविजय निवासी सेमरा खुर्द अपने चचिया ससुर के साथ दुकान पर पहुंचकर रौशनी के बेग मे रखे पैडल को चोरी कर फरार हो गए। जब रौशनी ने पैडल जुड़वाने के लिए बैग मे निकालने लगी। तो पैडल गायब मिला। पैडल न मिलने पर हड़कंप मच गया। सुचना पर पहुचे कोथावा चौकी प्रभारी ने रामानंद मिश्रा ने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। पुलिस ने पांच घंटे के अंदर ससुर बहु को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पकड़े गए दोनों आरोपियों का पुलिस जेल भेज दिया गया है।

## धान सीज़न से पहले गंदगी में डूबी गल्ला मंडी, सुधार न हुआ तो करेंगे व्यापारीआंदोलन


राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिला मुख्यालय स्थित नवीन गल्ला मंडी परिसर में नगर पालिका द्वारा सफाई न कराए जाने से हालात बिगड़ गए हैं। धान का सीजन शुरू होने को है और व्यापारी व मंडी प्रशासन इसकी तैयारी में लगे हुए हैं, लेकिन गंदगी व अव्यवस्था से मंडी परिसर में भारी असुविधा बनी हुई है। उद्योग व्यापार मंडल नवीन गल्ला मंडी स्थल के अध्यक्ष श्यामा कुमार गुप्ता 'टीटू', वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशलेन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय गुप्ताए कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारियों ने मंडी सचिव व सभापति को मांग पत्र देकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। अध्यक्ष ने कहा कि मंडी परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैंए नालियां जाम हैं जिससे बदबू और गंदगी का माहौल है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि मंडी में नियमित झाड़ू तक नहीं लगाई जाती, जबकि रोजाना सैकड़ों ट्रक और वाहन यहां से गुजरते हैं। गंदगी के कारण किसानों, ग्राहकों और व्यापारियों को भारी असुविधा हो रही है। पदाधिकारियों ने बताया कि नगर पालिका को सफाई के लिए प्रतिमाह भुगतान किया जाता है, इसके बाद भी सफाई कर्मी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। गंदगी व जलभराव से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द सफाई व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो व्यापारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मामले में मंडी सभापति व सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने बताया कि नवीन मंडी स्थल में सफाई को लेकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि तत्काल टीम लगाकर परिसर की सफाई कराएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

## सर्वप्रथम गणेश पूजन हवन कर ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ किया गया

**पाली ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सर्वप्रथम गणेश पूजन हवन कर ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ किया गया रामलीला की प्रथम झांकी के रूप में गणेश जी की झांकी बनाई गई फिर रामलीला मैदान में जाकर के गणेश जी का प्रथम पूजन किया गया और हवन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कमलाकांत बाजपेई जो कि रामलीला कमेटी के मंत्री हैं उनके द्वारा आज पाली की ऐतिहासिक रामलीला शुभारंभ किया गया कमलाकांत वाजपेई ने बताया है कि 29 सितंबर को प्रभु श्री राम जी के द्वारा धनुष तोड़ा जाएगा 30 सितंबर को बड़ी धूमधाम से प्रभु श्री राम जी की बारात की शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें अनेक प्रकार की झांकियां बाहर से आए हुए बैंड बाजा ढोल के साथ बड़ी धूमधाम से चौधरी फतेह सिंह मैदान से होते हुए पाली की विभिन्न गलियों से निकाल कर पाली रामलीला मैदान में रात्रि 12:00 बजे पहुंचेगी वहीं पर प्रभु श्री राम का माता सीता जी के साथ जयमाला डालकर विवाह संपन्न किया जाएगा रामलीला का कार्यक्रम 29 सितंबर से शुरू होकर के 18 अक्टूबर को रावण का वध किया जाएगा बुराइयों पर अच्छाइयों की जीत होगी और रामलीला का समापन किया जाएगा जिसमें दिन के 11बजे से 3बजे तक वृंदावन से आए हुए आचार्य द्वारा भागवत कथा और 4से 6 तक रामलीला खेली जाएगी उसके उपरांत रात्रि 8 से रात्रि 12 तक वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा रासलीला का भी प्रोग्राम किया जाएगा जिसमें बाहर से आए हुए दुकानदारों को रामलीला कमेटी द्वारा हर प्रकार की सुविध व सुरक्षा प्रदान की कराई जाएगी जिसमें उपस्थित अध्यक्ष गंगा विष्णु मिश्रा कोषाध्यक्ष रामबाग अग्निहोत्री उप मंत्री नंदकिशोर शुक्ला रामबाबू शुक्ला अंकित आदि लोग मौजूद रहे।

## सांसारिक आसक्ति ही सभी दुःखों का मूल है

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कस्बे के पटेल गेस्ट हाउस में हो रही श्रीमद् भागवत कथा का आनंद श्रोतागण प्राप्त कर रहे हैं और अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं नैमिष से आए हुए भागवत आचार्य सम्पति कुमार त्रिपाठी कहते हैं कि जो व्यक्ति सांसारिक माया मोह में पड़ा रहता है उसे कष्ट तो झेलना ही पड़ता है और जो भजन भाव करता हुआ प्रभु को याद करता है वह सांसारिक बंधनों से मुक्त रहता है सांसारिक आसक्ति ही सभी दुःखों का मूल कारण है जड़ भरत जैसे तपस्वी एक मृग में अंत समय में आसक्त होने के कारण मृग बन गए। और जो पूर्व का मृग था एक संत का सानिध्य पाकर राजा बन गया और भरत के उपदेश से उसका कल्याण हुआ। स्वर्ग और नरक मरने के बाद नहीं बल्कि जीते जी ही अनुभव होते हैं परंतु हरि नाम जपने से और संत कृपा से अजामिल जैसे पतित तर जाते हैं। वृत्ति तो जल्दी बदलती नहीं तो वर्त्तासुर भला कैसे बदलता जिसके सामने देवगन भी पराजित हो गए पर महात्मा दधीचि की अस्थियों से निर्मित वज्र से व्रत्तासुर का उद्धार हुआ।भगवान भक्त के लिए जड़ से भी चैतन्य रूप में प्रकट हो जाते हैं और प्रहलाद के लिए नरसिंह रूप में खम्भे से प्रकट हो गए और यह अवतार हरदोई में हुआ था दो बार हरि आए एक बार वामन रूप में और दूसरी बार नरसिंह रूप इसी लिए इसका नाम हरिद्वई कहलाया बदलते हुए परिवेश के कारण हरदोई कहा जाने लगा। प्रेम कुमार गुप्ता व उनकी पत्नी नीलम गुप्ता, प्रवीण गुप्ता साहित सैकड़ों कथा प्रेमी उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै कौशल किशोर पुत्र राम अवतार निवासी बड़ादेव पोस्ट शाहपुर तोंदा तहसील हसन गंज जिला उन्नाव का निवासी हूं। मेरी बीमा पालिसी संख्या 224400838 में मेरा नाम विमल किशोर अंकित है। जब कि सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम कौशल किशोर दर्ज है। मुझे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।

कौशल किशोर पुत्र राम अवतार
निवासी बड़ादेव पोस्ट शाहपुर तोंदा
तहसील हसन गंज जिला उन्नाव

## वृक्षारोपण कर मनाया प्रधानमंत्री का 75वाँ जन्मदिन स्वस्थ जीवन की हुई कामना

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** घंटा घर स्थित लॉन टेनिस ग्राउंड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा क्लब के सदस्यों को मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया गया



जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है। नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में जिले में हुआ था प्रधानमंत्री मोदी पांच भाई.बहन हैं। प्रधानमंत्री। नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत आरएसएस से की थी। इसके बाद वे अपने मेहनत के दम पर गुजरात के मुख्यमंत्री बने और प्रधानमंत्री की शपथ लेने तक गुजरात के सीएम रहे। इसके बाद पिछले 11 साल से देश की सत्ता के शिखर पर बैठे हुए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उनके नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने तीसरी बार सरकार बनाई है। इसके बाद वृक्षारोपण कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी मनीष चतुर्वेदी, सुधीर सिंह बावन, राकेश शुक्लापुर, जिला पंचायत सदस्य लाल, राजीव मिश्रा, भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता हबीब लिट्टे, संजीव यादव अभिषेक दीक्षित भी मौजूद थे।

## भू-माफिया के बड़े हाथ नही लगता है योगी से भय, खुले आम गिराया विद्यालय का जर्ज़र भवन

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर में आज करीब 20 वर्षों से एक भूमाफिया ट्रस्ट की आड़ में लोगों की जमीनों पर कब्जा करना, बने हुए मकानों को गिराकर उनके दरवाजे और घरों में रखे कीमती सामान को दिनदहाड़े उठा लेना वर्तमान सरकार की कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हैं। दिनदहाड़े इतने बड़े कांड को करना कहीं ना कहीं बडे भू माफियाओं के संरक्षण का भी इशारा करता है। पीड़ित की शिकायत करने के बावजूद भी उसकी रिपोर्ट ना लिखा जाना वास्तव में वर्तमान भाजपा सरकार पर भू माफिया सरकार का हावी होना दिखाई देता है। लखनऊ के रहने वाले ज्ञानेश्वर शुक्ला जो मूल निवासी मोहल्ला बाजीगंज के हैं उन्होंने मल्लावां थाने में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके यहां मकान पर जेसीबी द्वारा 14 सितंबर को लगभग सुबह 9:00 बजे इंद्रपाल उर्फ अशोक पुत्र चंद्रिका निवासी गोवर्धनपुरए मनीष पुत्र श्रीपाल कनौजिया, पीयूष पुत्र रामावतार, हर्ष उर्फहरशु पुत्र पीयूष, बेबी पत्नी पीयूष, दीपू राठौर पुत्र सोने लाल राठौर ने महाराज लोकेश्वर की गद्दी पर निर्मित भवनए वेद मंदिर का चबूतरा, संस्कृत महाविद्यालय के बच्चों का छात्रावास, उनके पूर्वजों द्वारा निर्मित कच्चा मकान, हैंड पंप एप्याऊ, कुआं सब गिरा दिया गया वहीं भवन से निकले हुए दरवाजा चौखट धन्नी कीमती सामान उठा ले गए। ज्ञानेश्वर शुक्ल द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार दूसरे दिन 15 सितंबर को शाम ०5:00 बजे पुन: उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा एक बार फिर से शेष बचे हुए भवन को जेसीबी मशीन के द्वारा महाराज जय रत्न अन्नपूर्णा सरस्वती विद्या मंदिर में सांसद जयप्रकाश की निधि से बने कक्ष को भी ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कक्ष में रखा हुआ कीमती सामान धन्नी लोहे की ग्रिल आदि को भी उठा ले गये। इसके पहले 30 अगस्त को विद्यालय भवन में लगा 10 कुंतल लोहे का गेट खंबे गिराकर उठा ले गए थे। दी गई तहरीर में बताया गया कि इंद्रपाल उर्फ अशोक गिरोहबंद हिस्ट्रीशीटर भू माफिया है वर्तमान समय में इसके कार्यों को कानूनी रूप से धोखा देने के लिए इसका वकील पुत्र विजय प्रकाश भी इसके अपराध में सम्मिलित होकर अपने पिता का सहयोग करता है। ज्ञानेश्वर शुक्ला ने बताया कि संस्कृत महाविद्यालय सन 1758 ई ? से इसी परिसर में स्थापित एवं संचालित है। उन्होंने बताया कि किसी राजा ने, अंग्रेज शासकों ने व आजादी के बाद जमींदार व प्रशासन ने स्कूल व स्कूल छात्रावास लोकेश्वर महाराज की गद्दी वेद मंदिर को ना तो छति पहुंचाई गई और ना ही कभी हटाया गया। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी।

## होटल हैप्पी हाउस पर एसडीएम की छापेमारी, बंद कराया

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** शाहाबाद हाइवे पर एक्सिस बैंक के निकट स्थित ओयो के नाम से चर्चित होटल पर बुधवार को दोपहर एसडीएम अंकित तिवारी ने औचक छापेमारी की। जिससे वहां अफरातफरी मच गई। बिना रजिस्ट्रेशन होटल संचालित होने पर एसडीएम ने होटल बंद करने का आदेश दिया है। पिछले काफी दिनों से ओयो के नाम से चर्चित होटल हैप्पी हाउस चर्चा का विषय बना हुआ था। यहां पर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के युवक और युवतियों के आने की खबरें आम थी। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार त्रिपाठी को इस होटल की शिकायतें मिली तो उन्होंने यहां पर छापेमारी करके होटल संचालक सुखबीर सिंह राणा निवासी जनपद अलीगढ़ को हिदायत दी थी। लेकिन होटल संचालक के ऊपर कोई असर नहीं हुआ। होटल धड़ल्ले के साथ चलता रहा। आसपास के दुकानदार और मोहल्ला वासी इस होटल की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर काफी बेचैन थे। लगातार शिकायतें की जा रही थीं। बुधवार को एसडीएम अंकित तिवारी एक शिकायत पर पुलिस बल के साथ होटल हैप्पी हाउस पहुंचे। उन्होंने सभी कमरों को खुलवा कर देखा। होटल संचालक सुखबीर राणा से होटल का रजिस्ट्रेशन प्रपत्र मांगे। होटल संचालक रजिस्ट्रेशन प्रपत्र नहीं दिखा सकाए उसने बताया रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया जा चुका है इस बात पर एसडीएम अंकित तिवारी ने कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि जब तक होटल नहीं खुलना चाहिए जब तक इस होटल का पंजीयन न हो जाए। फिलहाल होटल संचालक द्वारा होटल में ताला लगा दिया गया है। छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में आसपास भीड़ एकत्रित रही।



## रेल कर्मियों ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद संग्रह मौर्य एवं प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देश पर शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर विशेष किलेबंदी चेकिंग अभियान चलाया गया सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंकित शर्मा की देख रेख एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक एस के ठाकुर एवं मुख्य टिकट निरीक्षक नरेंद्र कुमार त्यागी के नेतृत्व में बरेली हरदोई बालामऊ एवं शाहजहांपुर के चेकिंग स्टाफ द्वारा 13308, 13006, 14307, 14235, 15909, 55635 14229 15211 22454 आदि गाड़ियों से उतरने वाले यात्रियों को चेक कर 96 बिना टिकट यात्रियों से 18500 किराया व 24000 जुर्माना सहित 42500 रूपये अनियमित 82 यात्रियों से 9540 किराया व 20500 जुर्माना सहित 30040 रुपए व गंदगी ओर स्मोकिंग करने वाले 10 यात्रियों से 1750 रूपये जुर्माना लेकर कुल 188 यात्रियों से 74290 रुपए जुर्माना वसूल किया गया चेकिंग अभियान में कुछ पुलिस कर्मियों, दैनिक यात्रियों से भी जुर्माना बसूला गया रेलवे द्वारा चलाए गए विशेष अभियान से स्टेशन पर बिना टिकट प्रवेश करने वाले यात्रियों में हड़कंप मच गया चेकिंग अभियान से रेलवे राजस्व सहित स्टेशन पर प्लेटफार्म टिकट एवं विंडो सेल में बढ़ोत्तरी देखी गई चेकिंग अभियान में आरपीएफ स्टाफ सहित मुख्य रूप से वीरेन्द्र मौर्य अजय प्रताप प्रदीप कश्यप रोशन जायसवाल सुनील मिश्रा अजीत राजीव लोचन आदि स्टाफ उपस्थित रहा।



# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक

राष्ट्रीय प्रस्तावना





**कछौना ( हरदोई )।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के 75वें जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के शुभारम्भ रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया! कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, स्वच्छता शपथ, प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण, फल वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि किट वितरण के कार्यक्रम अतिथियों व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बालामऊ रामपाल वर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (भाजयुमो) संचित अग्रवाल व नगर पंचायत अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला पंकज ने मुख्य रूप से अभियान को गति दी। कार्यक्रम का आरंभ बाबा कुशीनगर मंदिर पर अतिथियों द्वारा दर्शन पूजन कर प्रांगण को साफ कर किया गया व सभी ने कार्यकर्ताओं सहित स्वच्छता की शपथ लेते हुए स्वच्छ भारत के गांधी जी के सपने को पूरा करने का भी प्रण लिया। आए हुए अतिथियों ने कार्यकर्ताओं सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर प्रधानमंत्री के सीधे प्रसारण को सुना। मुख्य व विशिष्ट अतिथियों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित करते हुए स्वास्थ्य लाभ की कामना की। स्वास्थ्य विभाग की तरफसे परिसर में लगाई गई विभिन्न प्रकार की बीमारियों से संबंधित प्रदर्शनी का भी निरीक्षण कर जानकारी ली एवं छह रोगियों को उपचार हेतु दवा की किट वितरित की। सभी ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की और उनके नेतृत्व में देश की प्रगति को सराहा। अपने उद्बोधन में विधायक रामपाल वर्मा ने कहा कि अपने आसपास के वातावरण को साफएवं सुंदर रखने की हम सब की जिम्मेदारी है साथ ही हमें यह संदेश अन्य लोगों तक भी पहुंचाना है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य (भाजयुमो) संचित अग्रवाल ने कहा कि संगठन का मूल मंत्र सेवा ही है उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंच रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष राधारमण शुक्ला पंकज ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दे रही है जिसके परिणामस्वरूप कुपोषण एवं मृत्यु दर में कमी आई है। हम सभी को स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लेते रहना चाहिए।

इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ० शैलेंद्र शुक्ला, युवा नेता अरिजीत वर्मा, भाजपा जिला मंत्री अजय शुक्ला, ब्रह्म कुमार सिंह, राम शंकर शुक्ला, नवीन पटेल, विजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सत्य प्रकाश मिश्रा, मुकेश सिंह, आयुष सिंह, रवि गुप्ता, अनूप सिंह, अभय सिंह, अजय बाजपेई, अनूप दीक्षित, विनय शुक्ला, अरुण वर्मा, राहुल अग्रवाल,भैयालाल द्विवेदी, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, अवधेश गुप्ता, गौतम कनौजिया, सभासद विनीत लाल, सभासद ज्ञानी मौर्य, सलिल दीक्षित व स्वास्थ्य केंद्र से अमित सिंह, मनीष चौधरी, आशीष सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत हुई


राष्ट्रीय प्रस्तावना



**पाली ( हरदोई )।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा अभियान के तहत भाजपा विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने सर्व प्रथम अपने विधानसभा क्षेत्र के संत सेवा शिव आश्रम वावा नीमकरोरी धाम रानीखेड़ा में स्वच्छता अभियान के माध्यम से मंदिर प्रांगण की सफाई कर पूज्य संत बच्चा बाबा महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया फिर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रानू ने गन्ना समिति रुपापुर में बन रेंज शाहाबाद के संयोजन में वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए और साथ ही विधायक ने सहकारी गन्ना समिति रुपापुर में किसानों की सुविधा सुगमता हेतु आयोजित किसान मेला का शुभारम्भ किया और विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने गन्ना किसानों की सर्वे सट्टा से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण से लेकर अन्य प्रमुख जनहित की समस्याओं के समाधान हेतु चीनी मिल प्रबन्धन को निर्देशित किया कि हमारे क्षेत्र के सभी किसान भाइयों को पर्ची से संबंधित कोई परेशानी ना उठाने पड़े क्योंकि नवंबर माह में सत्र 2025 26 के अंतर्गत चीनी मिल की पिराई सत्र की शुरुआत होगी इसका विषय ध्यान दिया जाए क्यों कि किसान हमारे देश की रीड़ है किसान खुश रहेगा तभी हमारा देश खुश रहेगा क्यों कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजीव तोमर सचिव महेन्द्र सिंह चेयरमैन ओमप्रकाश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह राठौर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी (उत्तर प्रदेश प्रमुख संघ अध्यक्ष) पाली भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी सहित क्षेत्र के सम्मानित किसान भाई उपस्थित रहें।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को सदन द्वारा ही निरस्त किया जा सकता है टेट की अनिवार्यता प्राकृतिक न्याय के विपरीत

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच, हरदोई ने वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्ति बेसिक शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता की समाप्ति के लिए ज्ञापन सांसद जय प्रकाश, हरदोई को सौंपा। तथा अनुरोध किया कि आप संसद में इस मुद्दे पर अध्यादेश लाकर इसे वापस लें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ० जैनुल खान ने कहा शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने के पश्चात NCTE की अधिसूचना 2011 में जारी हुई जिसमे आगामी शिक्षक भर्ती में टेट पास करना अनिवार्य किया गया उसके पूर्व जितनी भी शिक्षक भर्तियां हुई उस समय विज्ञापन में दी गई सभी शर्तों को पूरा करने के पश्चात ही शिक्षक भर्ती सम्पन्न हुईएजब उन भर्तियों के समय टेट परीक्षा थी ही नही ।ऐसी स्थिति में पूर्व की भर्तियों के अंतर्गत भर्ती हुए शिक्षकों पर टेटअनिवार्य करना सिर्फ प्राकृतिक न्याय के विपरीत है अपितु शिक्षकों मो मानसिक रूप से परेशान व प्रताड़ित करने वाला है।चूँकि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को सदन द्वारा ही निरस्त किया जा सकता है।अत: सांसद जी के माध्यम से संगठन भारत सरकार से उक्त निर्णय के विरोध अध्यादेश लाकर इस निर्णय को निरस्त करने का अनुरोध करता है। जिला प्रवक्ता बेबी गौतम ने कहा कोई नियमध्कानून जब से लागू किया जाता है तभी से उसको प्रभावी किया जाता है, पूर्व से नही। अत: केंद्र सरकार से अपील है कि संसद में कानून बनाकर वर्ष 2011 से पूर्व शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता को समाप्त करें। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष, लखनऊ आशीष वर्मा, सिंह, हरि श्याम गौतम, रजनीश कुमार, महेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## सोने के आभूषण के विवाद में पति ने मारी पत्नी को गोली, पत्नी गंभीर रूप से घायल

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना अंतर्गत मल्लावां नगर में मोहल्ला गंगारामपुर में सोने का आभूषण पति द्वारा बेच दिया जिस पर पत्नी के साथ हुई कहा सुनी में पति ने नशे की हालत में आपा खोते हुए पत्नी के मारी गोली। चीख पुकार की आवाज सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने मामले की जानकारी करते हुए महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार अफरोज जहां पत्नी रईस अहमद ने दिनांक 17 सितंबर को शाम 4:30 बजे सोने के आभूषण बेचने के कारण तथा उससे मिले पैसों से पी रहे दारू की वजह से नाराज पत्नी ने टोका टाकी की जिससे नाराज होकर पति रईस अहमद ने अपनी पत्नी को देशी तमंचे से गोली मार दी जिससे गोली की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे भीड़ बढ़ाते देखकर रईस भाग निकला पड़ोसियों ने गंभीर हालत में अफरोज जहां को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत महिला को डॉक्टर ने हरदोई के लिए रेफर कर दिया। विशेष सूत्रों से जानकारी मिली है कि महिला का कोई आल औलाद नहीं है रईस खुद पैर से विकलांग है महिला द्वारा ही घर का भरण पोषण किया जाता था। पति की दारु पीने की प्रवृत्ति ने लगातार घर में कलह का माहौल बना रखा था आखिरकार कलह इतनी बढ़ गई कि महिला को गोली का शिकार होना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला से पूछताछ कर विधिक कार्रवाई शुरू की। यह विवाद पति.पत्नी के बीच में दो दिनों से चल रहा था पत्नी ने इसकी सूचना स्थानीय थाने पर पहले ही दे चुकी थी। रईस से उसकी जान का खतरा था।

## प्रदूषण के पटाखे

भारत जैसा देश, जो दुनिया भर के प्रदूषित देशों में पांचवें नंबर पर हो, जहां दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर हो और तेरह अन्य शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हों, वहां हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। लेकिन विडंबना यह कि इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा केवल दिल्ली के प्रदूषण और पटाखों पर अंकुश लगाने को लेकर होती है। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। वैसे तो राष्ट्रीय राजधानी में वायु दूषित होने के तमाम कारक हैं,लेकिन पटाखों से होने वाले प्रदूषण की चर्चा गाहे-बगाहे होती है। खासकर कुछ प्रमुख त्योहारों के मौके व निजी समारोहों में जलाये जाने वाले पटाखों को लेकर लगातार सवाल उठाये जाते हैं। इसकी वजह यह है कि यह प्रदूषण का ऐसा कारण है जिससे बचा जा सकता है। लेकिन यह भी हकीकत है कि दिवाली आदि के मौके पर हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट देखी जाती है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकड़ा भी बढ़ा है। कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फ़ेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायानिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है। लेकिन हम इसके बावजूद निजी सुख के लिये दूसरों के जीवन से खिलवाड़ से परहेज नहीं करते। सही मायनों में असली खुशी वही होती है जिससे हमारा समाज सुखी, स्वस्थ और खुश रह सके। अब चाहे हमारे त्योहार हों या निजी उत्सव, वे समाज के लिये अहितकारी नहीं होने चाहिए। देर-सवेर इस संकट की कीमत हर नागरिक को चुकानी पड़ती है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बर्नीहाट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। यही वजह है कि अदालत को कहना पड़ा कि साफ हवा देश के हर नागरिक का अधिकार है। ऐसे में हमें दिल्ली या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की चिंता के साथ ही शेष देश की भी चिंता गंभीरता से करनी चाहिए। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि दिल्ली में पटाखों पर नियंत्रण का जो भी फार्मूला बने, उसे सारे देश में भी लागू करना चाहिए। यह संकट सारे देश का है। एक नागरिक के तौर पर हमारा जिम्मेदार व संवेदनशील व्यवहार ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विगत में सख्त कानून लागू करने के बावजूद नागरिकों के गैर-जिम्मेदार व्यवहार से प्रदूषण का संकट बढ़ा ही है।

**कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। वैसे तो राष्ट्रीय राजधानी में वायु दूषित होने के तमाम कारक हैं,लेकिन पटाखों से होने वाले प्रदूषण की चर्चा गाहे-बगाहे होती है। खासकर कुछ प्रमुख त्योहारों के मौके व निजी समारोहों में जलाये जाने वाले पटाखों को लेकर लगातार सवाल उठाये जाते हैं। इसकी वजह यह है कि यह प्रदूषण का ऐसा कारण है जिससे बचा जा सकता है। लेकिन यह भी हकीकत है कि दिवाली आदि के मौके पर हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट देखी जाती है।**

## पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण: भारत की बौद्धिक अस्मिता का संकल्प

डॉ. सत्यवान सौरभ

**भारतीय पांडुलिपियाँ केवल कागज़ या ताड़पत्र पर लिखे शब्द नहीं हैं। वे समाज की स्मृति हैं, परंपराओं की कहानी हैं और ज्ञान की धरोहर हैं। इनमें विज्ञान, चिकित्सा, खगोल, दर्शन और कला से लेकर जीवनशैली तक का संपूर्ण अनुभव सुरक्षित है। आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आज भी ऐसी औषधियों और चिकित्सा विधियों का उल्लेख मिलता है जिनकी प्रासंगिकता आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है।**

भारत ऐसा देश है जिसकी पहचान उसकी सभ्यता और सांस्कृतिक परंपरा से होती है। यहाँ हजारों वर्षों से ज्ञान की धारा निरंतर बहती रही है। वेदों और उपनिषदों से लेकर आयुर्वेद, गणित, खगोल, साहित्य और संगीत तक, हमारी पांडुलिपियों ने विश्व को वह दिया है जो आज भी अद्वितीय और अनुपम है। किंतु इस धरोहर को व्यवस्थित ढंग से सुरक्षित करने और दुनिया तक पहुँचाने में हम बार-बार चूकते रहे। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हालिया कथन कि पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण बौद्धिक चोरी को रोकेगा, अत्यंत प्रासंगिक और दूरदर्शी है। यह कथन केवल तकनीकी समाधान की ओर इशारा नहीं करता, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का संकल्प भी है। भारतीय पांडुलिपियाँ केवल कागज़ या ताड़पत्र पर लिखे शब्द नहीं हैं। वे समाज की स्मृति हैं, परंपराओं की कहानी हैं और ज्ञान की धरोहर हैं। इनमें विज्ञान, चिकित्सा, खगोल, दर्शन और कला से लेकर जीवनशैली तक का संपूर्ण अनुभव सुरक्षित है। आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आज भी ऐसी औषधियों और चिकित्सा विधियों का उल्लेख मिलता है जिनकी प्रासंगिकता आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है। गणित और खगोल से संबंधित पांडुलिपियों में शून्य, दशमलव और ग्रह-नक्षत्रों की गति का इतना विस्तृत विवरण है कि पश्चिमी जगत ने उनसे प्रेरणा लेकर अपने वैज्ञानिक शोध को दिशा दी। संगीत और नृत्य की पांडुलिपियाँ हमारी कलात्मक परंपरा को जीवित रखने का आधार हैं। दुर्भाग्य यह रहा कि इन पांडुलिपियों की रक्षा के मामले में हम लापरवाह साबित हुए। उपनिवेशकाल में अंग्रेज और अन्य यूरोपीय विद्वान यहाँ से अनगिनत ग्रंथ ले गए। उन्होंने उनका अध्ययन किया और कई बार उनके अनुवाद अपने नाम से प्रकाशित करा लिए। योग और ध्यान की पद्धतियाँ, जो भारत की आत्मा हैं, विदेशों में अलग रूप में प्रस्तुत की गईं और उनसे भारी व्यावसायिक लाभ उठाया गया। आयुर्वेदिक नुस्खों और औषधीय पौधों पर विदेशी पेटेंट दर्ज हुए। हल्दी और नीम जैसे सामान्य ज्ञान पर भी कंपनियों ने अपना अधिकार जताने का प्रयास किया। यह सब हमारे लिए चेतावनी है कि यदि हम अपने ज्ञान की रक्षा नहीं करेंगे, तो दुनिया उसे हड़प लेगी। यही वह संदर्भ है जिसमें डिजिटलीकरण का महत्व बढ़ जाता है। जब कोई पांडुलिपि डिजिटल रूप में दर्ज होगी तो उसका स्रोत और स्वामित्व स्थायी रूप से भारत के नाम पर रहेगा। यह बौद्धिक चोरी रोकने का सबसे प्रभावी साधन होगा। इसके अतिरिक्त, डिजिटलीकरण से पांडुलिपियाँ सुरक्षित रहेंगी। समय, नमी, कीड़े और तापमान परिवर्तन से कागज़ व ताड़पत्र पर लिखी पांडुलिपियाँ क्षरण का शिकार होती हैं। डिजिटलीकरण उन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित रखेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि डिजिटलीकृत सामग्री दुनिया भर के शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी। भारत का ज्ञान केवल संग्रहालयों की अलमारियों में बंद न रहकर वैश्विक मंच पर जीवंत रूप में सामने आएगा। यह कार्य आसान नहीं है। भारत में अनुमानतः पचास लाख से अधिक पांडुलिपियाँ हैं। वे अलग-अलग भाषाओं और लिपियों में लिखी गई हैं- संस्कृत, पाली, प्राकृत, तमिल, तेलुगु, मलयालम, उर्दू, अरबी, फ़ारसी और अन्य भाषाओं में। कई लिपियाँ अब प्रचलन से बाहर हैं। उन्हें पढ़ना, समझना और डिजिटलीकरण करना विशेषज्ञता की मांग करता है। प्रामाणिकता बनाए रखना भी चुनौती है। अनुवाद या डिजिटल स्कैनिंग के दौरान यदि त्रुटियाँ रह गईं तो मूल ज्ञान विकृत हो सकता है। इसके अतिरिक्त, इतने बड़े कार्य के लिए वित्तीय संसाधन, प्रशिक्षित विशेषज्ञ और आधुनिक तकनीक की भी भारी आवश्यकता होगी। सरकार ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन जैसी पहल की है, जो सराहनीय कदम है। परंतु यह कार्य केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, निजी संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों को भी इसमें भागीदारी करनी होगी। आधुनिक तकनीक का पूरा उपयोग करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकें न केवल डिजिटलीकरण को आसान बना सकती हैं, बल्कि डेटा की सुरक्षा और खोजने की प्रक्रिया को भी विश्वसनीय बना सकती हैं। यहाँ हमें वैश्विक अनुभव से भी सीखना चाहिए। यूरोप में ल्लक्फ्न्धध्द्व्रथद्ब्रथङ्क परियोजना के तहत लाखों दस्तावेज और कला कृतियाँ ऑनलाइन उपलब्ध कराई गईं। अमेरिका और जापान ने भी अपनी सांस्कृतिक धरोहर का डिजिटलीकरण कर उसे वैश्विक स्तर पर साझा किया। इन प्रयासों ने उन देशों की बौद्धिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत किया। भारत यदि इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाता है, तो वह न केवल अपनी धरोहर को बचा सकेगा बल्कि विश्व को यह दिखा सकेगा कि ज्ञान की वास्तविक जन्मभूमि कहाँ है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भूपेन हजारिका का भी स्मरण किया। यह स्मरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि गहरी प्रतीकात्मकता रखता है। हजारिका ने अपने गीतों और संगीत के माध्यम से असम और भारत की आत्मा को स्वर दिया। उनकी रचनाएँ केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का स्रोत थीं। वे हमें यह बताते हैं कि संस्कृति जीवित रहे तो समाज जीवित रहता है। जिस प्रकार हजारिका की रचनाएँ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देंगी, उसी प्रकार पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण हमारी बौद्धिक स्मृतियों को अमर बनाएगा। इस संदर्भ में यह भी समझना होगा कि डिजिटलीकरण केवल संरक्षण का कार्य नहीं है। यह राष्ट्रीय पुनर्जागरण का अभियान है। जब हम अपने ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ेंगे, तब हम आत्मनिर्भर भारत के उस स्वप्न को साकार करेंगे, जिसमें परंपरा और नवाचार दोनों साथ चलते हैं। यह न केवल हमारी पहचान को सुदृढ़ करेगा बल्कि हमें वैश्विक मंच पर ज्ञान के वास्तविक स्वामी के रूप में स्थापित करेगा। यह ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर भी बड़ा कदम होगा। आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल आर्थिक संसाधनों या सैन्य शक्ति की नहीं है। प्रतिस्पर्धा इस बात की भी है कि किसके पास अधिक मौलिक ज्ञान और बौद्धिक संपदा है। यदि भारत अपनी पांडुलिपियों को डिजिटलीकृत कर उनका पेटेंट और स्वामित्व सुरक्षित कर लेता है, तो वह बौद्धिक संपदा की इस वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बन सकता है। इसके अलावा, यह हमारी युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी साधन बनेगा। जो पीढ़ी आज इंटरनेट और मोबाइल की दुनिया में पल रही है, उसे तभी अपनी परंपरा से वास्तविक परिचय मिलेगा जब वह उसे डिजिटल रूप में देखेगी, पढ़ेगी और समझेगी। पांडुलिपियाँ केवल अतीत का बोझ नहीं, बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि ज्ञान कभी स्थिर नहीं रहता। उसे समयानुकूल सुरक्षित, संरक्षित और साझा करना आवश्यक है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारी धरोहर केवल संग्रहालयों में बंद रह जाएगी और दुनिया उससे वंचित रह जाएगी। डिजिटलीकरण उस सेतु का काम करेगा जो अतीत की गहराई को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ता है। निःस्संदेह, पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण एक लंबा और कठिन कार्य है। परंतु यह वही कार्य है जिससे हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और बौद्धिक स्वाभिमान जुड़ा हुआ है। यह केवल किताबों और कागज़ों को सुरक्षित रखने का प्रश्न नहीं है, बल्कि हमारी आत्मा और पहचान को बचाने का संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन कि डिजिटलीकरण ल्लबौद्धिक चोरीङ्क को रोकेगा, समय की पुकार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, समाज और तकनीकी विशेषज्ञ मिलकर इसे राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दें। पांडुलिपियाँ हमारी स्मृति हैं। उनका डिजिटलीकरण हमें यह विश्वास दिलाता है कि भारत केवल अतीत की भूमि नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा भी है। जब हम अपने ज्ञान को संरक्षित करेंगे और उसे आधुनिक तकनीक से दुनिया तक पहुँचाएँगे, तब सचमुच भारत उस स्थान पर पहुँचेगा जहाँ वह सदियों से होना चाहिए था—ज्ञान का वैश्विक नेतृत्वकर्ता।

## वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम और देशहित की दिशा

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**भारत में वक्फ संपत्तियों का दायरा किसी भी निजी या सरकारी संस्थान से बड़ा है। वक्फ बोर्ड के पास देशभर में लगभग 8 लाख से अधिक पंजीकृत संपत्तियाँ और 5 लाख एकड़ से अधिक जमीन है। यह क्षेत्रफल गोवा या सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के आकार से भी बड़ा है। इतनी विशाल संपत्ति का प्रबंधन यदि पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से होता, तो इससे मुस्लिम समाज के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में क्रांति आ सकती थी। लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। अब तक अलग अलग कई रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं, जिसमें यह माना गया है कि वक्फ बोर्ड की हजारों संपत्तियाँ या तो अतिक्रमित हैं या उनका इस्तेमाल उद्देश्य के विपरीत हो रहा है।**

भारत की न्यायपालिका का एक गौरवशाली इतिहास रहा है कि उसने हमेशा संविधान को सर्वोच्च मानते हुए निर्णय दिए हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर जो अंतरिम फैसला सुनाया, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि किसी भी धार्मिक संस्था को संविधान और कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता। यह फैसला भले अभी अंतिम न हो, लेकिन इसमें दी गईं टिप्पणियाँ और निर्देश वक्फ बोर्ड की दशकों से चली आ रही मनमानी पर अंकुश लगाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, आगे के लिए अब ये तय है। भारत में वक्फ संपत्तियों का दायरा किसी भी निजी या सरकारी संस्थान से बड़ा है। वक्फ बोर्ड के पास देशभर में लगभग 8 लाख से अधिक पंजीकृत संपत्तियाँ और 5 लाख एकड़ से अधिक जमीन है। यह क्षेत्रफल गोवा या सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के आकार से भी बड़ा है। इतनी विशाल संपत्ति का प्रबंधन यदि पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से होता, तो इससे मुस्लिम समाज के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में क्रांति आ सकती थी। लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। अब तक अलग अलग कई रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं, जिसमें यह माना गया है कि वक्फ बोर्ड की हजारों संपत्तियाँ या तो अतिक्रमित हैं या उनका इस्तेमाल उद्देश्य के विपरीत हो रहा है। 2009 में कर्नाटक वक्फ बोर्ड घोटाला सामने आया था, जिसमें 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियाँ औने-पौने दाम पर बेच दी गई थीं। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भी वक्फ बोर्डों पर जमीनों को अवैध रूप से किराये पर देने और निजी लाभ कमाने के आरोप बार-बार उठते रहे हैं। इन उदाहरणों से साफ है कि वक्फ संपत्तियाँ केवल धार्मिक-सामाजिक सेवा का माध्यम न रहकर विवाद, भ्रष्टाचार और राजनीति का अड्डा बन चुकी थीं। संसद में जब वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश हुआ, तो सत?तापक्ष ने यह स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्डों की अनियंत्रित शक्तियों को सीमित करना जरूरी है। कई सांसदों ने उदाहरण देकर बताया कि कैसे सरकारी अस्पताल, रेलवे स्टेशन और स्कूलों की जमीनों को वक्फ घोषित कर दिया गया। एक सांसद ने सदन में यहां तक कह दिया था, ''यह कैसी व्यवस्था है कि कोई भी बोर्ड यह तय कर दे कि यह जमीन वक्फ की है और असली मालिक को सालों तक अदालतों के चक्कर काटने पड़ें?'' विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि वक्फ संपत्तियों का सही सर्वेक्षण हो, उनका मालिकाना हक स्पष्ट हो और बोर्ड मनमाने ढंग से किसी भी जमीन पर दावा न कर सके। इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने यह स्वीकार किया कि संसद द्वारा पारित कानून की संवैधानिकता का अनुमान हमेशा उसके पक्ष में होता है। इसका अर्थ है कि जब तक कानून स्पष्ट रूप से असंवैधानिक न हो, तब तक अदालत उसे निरस्त नहीं कर सकती। अदालत ने अंतरिम आदेश में तीन अहम बातें कहीं हैं, कलेक्टर की भूमिका बनी रहेगी, वक्फ बोर्ड के दावों की जाँच अब प्रशासनिक स्तर पर भी होगी। एएसआई सर्वेक्षण पर रोक नहीं है, अतः पारदर्शिता और प्रमाण आधारित दावों को बढ़ावा मिलेगा। लिमिटेशन एक्ट लागू होना चाहिए, ताकि नागरिकों और संस्थाओं को अनिश्चितकाल तक मुकदमों के दलदल में न फँसना पड़े। यह दृष्टिकोण न केवल संविधान की भावना के अनुरूप है बल्कि यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। भारत में केवल वक्फ बोर्ड ही ऐसा नहीं है जिसके पास धार्मिक संपत्तियों का प्रबंधन है। हिंदू मंदिरों और सिख गुरुद्वारों का भी बड़ा नेटवर्क है। लेकिन उनके संचालन में सरकार का नियमन अधिक स्पष्ट है। दक्षिण भारत के कई बड़े मंदिरों (जैसे तिरुपति) का प्रबंधन राज्य सरकार की निगरानी में है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भी पंजाब सरकार और अदालतों के दिशा-निर्देशों के अधीन काम करती है। तो फिर वक्फ बोर्ड को ''विशेषाधिकार'' क्यों मिले? यही सवाल सुप्रीम कोर्ट और संसद दोनों के सामने था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से वक्फ बोर्ड की सबसे बड़ी शक्ति उसकी मनमाने ढंग से संपत्तियों को वक्फ घोषित करने पर लगाम कस दी है। अब किसी भी संपत्ति पर दावा करने से पहले दस्तावेजी प्रमाण और प्रशासनिक जाँच आवश्यक होगी। यह कदम उन लाखों नागरिकों के लिए राहत है जिनकी निजी या पैतृक जमीनों पर वर्षों से वक्फ के झूठे दावे चल रहे हैं। स?वभाविक है कि जब संपत्तियों पर धार्मिक विवाद कम होंगे तो समाज में सौहार्द बढ़ेगा। देशभर की अदालतों में वक्फ संपत्तियों से जुड़े हजारों मुकदमे लंबित हैं। पारदर्शी प्रक्रिया से यह संख्या घटेगी। इस व्यवस्था से वक्फ संपत्तियों का असली लाभ गरीब और पिछड़े मुस्लिम समाज को मिल सकेगा। साथ ही लिमिटेशन एक्ट लागू होने से मुकदमे समयबद्ध होंगे और ''कभी भी दावा करने'' की प्रवृत्ति खत्म होगी। मुस्लिम संगठन कह रहे हैं कि इस फैसले से उनकी संपत्तियों पर खतरा बढ़ जाएगा। लेकिन सच यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संपत्तियों को छीनने का आदेश नहीं दिया, बल्कि केवल उनकी जाँच और पारदर्शिता पर जोर दिया है। यदि वक्फ बोर्ड के पास वैध दस्तावेज और प्रमाण हैं, तो उन्हें किसी भी तरह का डर नहीं होना चाहिए। उलटे इस फैसले से उनकी विश्वसनीयता बढ़ेगी, क्योंकि यह साबित होगा कि उनकी संपत्तियाँ सही तरीके से पंजीकृत और उपयोग में हैं। इस तरह से यदि इस निर्णय की गंभीरता और सत्यता देखें तो सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश केवल कानूनी पहलू नहीं है, यह एक सामाजिक संदेश भी देता है कि धार्मिक संस्थाएँ भी पारदर्शिता और जवाबदेही से परे नहीं हो सकतीं। वक्फ बोर्ड ने वर्षों तक जो मनमानी की, वह अब सीमित होगी। यह न केवल हिंदू या गैर-मुस्लिम नागरिकों के लिए राहत है, बल्कि मुस्लिम समाज के लिए भी लाभकारी है। क्योंकि जब संसाधनों का सही उपयोग होगा, तभी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान संभव होगा। यह फैसला देशहित में इसलिए भी है क्योंकि यह हमें याद दिलाता है कि भारत का संविधान सभी धर्मों को समान अधिकार देता है, लेकिन किसी को भी कानून से ऊपर नहीं मानता।

## आतिशबाजी रहित उत्सवों की परम्परा का सूत्रपात हो

ललित गर्ग

**दुनिया भर के प्रदूषित देशों में भारत पांचवें नंबर पर है, दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर भी हमारे ही देश में हैं, ऐसे तेरह शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हैं, इन चिन्ताजनक हालातों में हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। पटाखों के दुष्प्रभाव स्पष्ट और प्रमाणित हैं। वे वातावरण में जहरीली गैसों का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता अचानक बेहद खराब हो जाती है। दीपावली की रात पटाखों से निकलने वाला धुआं कई दिनों तक हवा में बना रहता है और सांस की तकलीफ, आंखों में जलन, हृदय रोग और दमा जैसी बीमारियों को और गंभीर कर देता है।**

पर्यावरण संकट हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की लगातार हो रही क्षति ने जीवन को असहज और असुरक्षित बना दिया है। यह संकट किसी दूर के भविष्य की चिंता नहीं है, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर रहा है। राजधानी दिल्ली इसका सबसे जीवंत उदाहरण है, जहाँ दीपावली और अन्य त्योहारों के बाद वायु गुणवत्ता इतनी खराब हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। इसका एक प्रमुख कारण पटाखों का प्रयोग है। पटाखे और आतिशबाज़ी कुछ क्षणों के लिए उत्सव का शोर और रोशनी जरूर बिखेरते हैं, लेकिन उनके पीछे छूट जाता है जहरीला धुआं, असहनीय शोर, सांस लेने में तकलीफ और एक असंतुलित वातावरण। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक होने के साथ-साथ जनजागरूकता बढ़ाने वाली है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। दिल्ली ही नहीं, सम्पूर्ण देश में वायु प्रदूषण को नियंत्रण करना जरूरी है। दुनिया भर के प्रदूषित देशों में भारत पांचवें नंबर पर है, दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर भी हमारे ही देश में हैं, ऐसे तेरह शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हैं, इन चिन्ताजनक हालातों में हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। पटाखों के दुष्प्रभाव स्पष्ट और प्रमाणित हैं। वे वातावरण में जहरीली गैसों का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता अचानक बेहद खराब हो जाती है। दीपावली की रात पटाखों से निकलने वाला धुआं कई दिनों तक हवा में बना रहता है और सांस की तकलीफ, आंखों में जलन, हृदय रोग और दमा जैसी बीमारियों को और गंभीर कर देता है। पटाखों से होने वाला ध्वनि प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए भय और असहनीय पीड़ा का कारण बनता है। पशु-पक्षियों की स्थिति भी दयनीय हो जाती है, उनके जीवन में असुरक्षा और बेचैनी घुल जाती है। यह सब जानते हुए भी आतिशबाज़ी को लेकर समाज में अब भी ढिलाई और परंपरा के नाम पर अनदेखी जारी रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में दीपावली के बाद की स्थिति किसी आपदा से कम नहीं होती। पिछले वर्ष दीपावली के दौरान दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 300 से ऊपर चला गया और बहुत खराब से गंभीर श्रेणी में दर्ज हुआ। यह हर साल का दोहराया जाने वाला दृश्य है और हर साल सरकार, समाज और न्यायपालिका को इसे लेकर चिंतित होना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विकट स्थिति को गंभीरता से लिया है और हाल के वर्षों में बार-बार स्पष्ट किया है कि केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पटाखों पर रोक लगनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बर्नीहाट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। हाल ही में अदालत ने सरकारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पटाखों के उत्पादन, बिक्री और भंडारण पर पूर्ण रोक हो, और जो भी इन नियमों का उल्लंघन करे उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। अदालत का यह रुख केवल कानूनी आदेश नहीं है, बल्कि समाज को चेताने वाला संदेश भी है कि अब हमें अपने उत्सवों की परिभाषा बदलनी होगी। दिल्ली सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5 के तहत पटाखों पर पूर्ण और स्थायी प्रतिबंध लागू किया है। इस प्रतिबंध के अनुसार न तो पटाखों का उत्पादन हो सकता है, न बिक्री और न ही भंडारण या उपयोग। यह कदम पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जरूरी था। लेकिन केवल सरकारी आदेश और अदालत के निर्देश काफी नहीं होंगे, जब तक समाज स्वयं अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव नहीं लाता। परंपराओं को बदलने में समय लगता है, लेकिन जैसे लोग धीरे-धीरे प्लास्टिक के खिलाफ खड़े हुए और विकल्प तलाशने लगे, वैसे ही आतिशबाज़ी से मुक्त त्योहारों को भी अपनाया जा सकता है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकड़ा भी बढ़ा है। कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फ़ेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायानिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। इससे ओजोन परत भी क्षतिग्रस्त हो रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है। त्योहार और उत्सव हमारे जीवन का हिस्सा हैं। वे सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक खुशी का प्रतीक हैं। लेकिन जब खुशी मनाने का तरीका ही हमारे स्वास्थ्य और जीवन के लिए संकट बन जाए, तब उस पर गंभीर पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है। दीपावली पर पटाखों की परंपरा समाज में गहराई तक पैठ चुकी है। लोग इसे परंपरा, रौनक और आनंद का प्रतीक मानते हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि ल्लबिना पटाखों के त्योहार अधूरा लगता है।ङ्क लेकिन यह सोच आज के समय में बेहद खतरनाक साबित हो रही है। त्योहार की असली रौनक दीपों की जगमगाहट, परिवार की एकजुटता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक उत्सवों में है। संगीत, नाटक, कला और पारंपरिक दीपक किसी भी पटाखे से कहीं अधिक स्थायी आनंद दे सकते हैं। समय आ गया है कि हम यह स्वीकार करें कि आतिशबाज़ी अब हमारी खुशियों का हिस्सा नहीं रह सकती। खुशियों का असली मतलब है एक-दूसरे के साथ का आनंद, स्वच्छ वातावरण में खुलकर सांस लेना और समाज में शांति और प्रेम का संचार करना। अगर हम चाहते हैं कि हमारी अगली पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सके, तो आतिशबाज़ी को त्यागना ही होगा। सरकारें अपनी नीतियों से इस दिशा में पहल कर चुकी हैं, अदालत ने भी कठोर आदेश दिए हैं, अब बारी समाज की है कि वह अपनी सोच बदले और अपने त्योहारों को पटाखों के बिना भी और अधिक रोशन और सार्थक बनाए। एक नागरिक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी व संवेदनशीलता ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विगत में सख्त कानून लागू करने के बावजूद नागरिकों के गैर-जिम्मेदार व्यवहार से प्रदूषण का संकट बढ़ा ही है। जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना त्योहार मनाएंगे, तभी सच्चे अर्थों में हमारे उत्सव जीवनदायी और सार्थक बनेंगे। यही समय है कि हम सामूहिक रूप से एक नई परंपरा गढ़ें, आतिशबाज़ी रहित त्योहारों की परंपरा, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमें दोष न दें कि हमने उनके हिस्से की स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण छीन लिया।

# जब सड़क नहीं बनी, तो खेत बना दें जिससे किसी गरीब का पेट भर सके

- नगर पंचायत जल मिशन ठेकेदार की लापरवाही पर फूटा ग़ुस्सा, सड़कों पर बोया धान, लगाए केले के पेड़
- फसल आंदोलन' बन गया भ्रष्टाचार के खिलाफ बिगुल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा, खीरी। धौरहरा नगर पंचायत की घोर लापरवाही और सड़क निर्माण में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता का ग़ुस्सा आज सड़कों पर फूट पड़ा। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि अब नगरवासी सड़क कीचड़ में फसल उगाने को मजबूर हो गए हैं। आज दोपहर करीब 2 बजे, धौरहरा ब्लॉक गेट चौराहे पर समाजसेवी व योगगुरु राज हंस मिश्रा की अगुवाई में दर्जनों लोग सड़क पर उतरे और कीचड़ से भरी सड़कों पर धान की बुवाई व केले की रोपाई कर नगर पंचायत की पोल खोल दी। जहां सड़क नहीं, वहां खेत सही - गूंजे नारों से कांपा प्रशासन सड़कों पर मिट्टी, कीचड़ और जलभराव की वजह से अब इन पर चलना नहीं, तैरना पड़ता है। यही कहना था प्रदर्शनकारियों का, जिन्होंने सड़क को ही 'खेती योग्य जमीन' बना डाला। नगर पंचायत और जल निगम पर भ्रष्टाचार का सीधा आरोप लगाते हुए कहा गया कि सड़क निर्माण के नाम पर सिर्फ बजट की फसल काटी जा रही है, असली सड़क जनता काट रही है।

सोशल मीडिया से शुरू हुआ आंदोलन, बन गया जनता की आवाज़ - राजहंस मिश्रा ने मंगलवार को ही फ़ेसबुक पोस्ट के ज़रिए इस 'फसल आंदोलन' की घोषणा कर दी थी। बुधवार को निर्धारित समय पर दर्जनों लोग एकत्र हुए और नगर पंचायत कार्यालय के सामने धान बोया व केले के पौधे लगाए। कुछ ही घंटों में यह आंदोलन सोशल मीडिया से लेकर ज़मीनी स्तर पर चर्चा का विषय बन गया। हरकत में आया प्रशासन ऽ सड़क से निकाला गंदा पानी -

जैसे ही आंदोलन की खबर फैली, नगर पंचायत के कर्मी पंपिंग सेट लेकर दौड़े-दौड़े आए और सीवर टैंकरों के ज़रिए सड़क से गंदा पानी हटाने का प्रयास शुरू कर दिया। मगर जनता का कहना है ऽ अब लीपापोती नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए। कस्बे से खत्म होता व्यापार।

इस समस्या पर श्याम बिहारी ग्रुप से व्यापार मंडल संगठन धौरहरा अध्यक्ष आदिल किरमानी ने बताया कि कस्बे में फैले कीचड़ की वजह से व्यापारी हाथ पैर हाथ धरे बैठे हुए हैं ग्राहक दूसरी बंजारों की ओर रुक कर रहा है जिस व्यापारी आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। जनता का अल्टीमेटम ऽ 60 दिन में सड़क नहीं बनी, तो आंदोलन होगा उग्र-- प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि अगर दो महीने में सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो धौरहरा की हर सड़क पर फसल बोई जाएगी। प्रशासन को चेतावनी दी गई कि अब जनता सिर्फ वोट नहीं देगी, हिसाब भी लेगी। विरोध में उतरे प्रमुख चेहरे राजहंस मिश्रा (योग गुरु व समाजसेवी) आदिल किरमानी (व्यापार मंडल अध्यक्ष) मोहित मिश्रा, जगदीश पांडे 'कवि', रवि शंकर पांडे, मुफीद पठान, युसुफ समेत दर्जनों नगरवासी शामिल रहे।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाड़े का शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मितौली खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी के जन्म दिवस व सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाडे का शुभारंभ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र पर पुष्प पार्पित फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अधीक्षक डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर ने मोदी जी के जीवन व उनके स्वणिम कार्य पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा आयुष्मान कार्ड पर गरीबो को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज देने का कार्य किया है स्वास्थ्य संबंधित चलाई जाने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र प्रभारी डाक्टर देवेन्द्र सिंह ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर सिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी जिसमें बुजुर्ग, बच्चे, किशोर, किशोरियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां प्रदान की गयीं इस दौरान अस्पताल में सिविर लगाकर जांच एवं इलाज किया गया और गर्भवती महिलाओं को फल वितरित करने के साथ आरोग्य कार्ड भी वितरित किए गए मितौली में 29 सितंबर को सीएससी पर विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा हर मर्ज का निशुल्क इलाज किया जाएगा इस अवसर पर पूर्व प्रधान मितौली दिनेश कुमार,ग्राम प्रधान नीरज कश्यप, भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश शुक्ल, मोहम्मद तय्यब सिद्दीकी, शिवेंद्र सिंह, अमित गुप्त, अमित सक्सेना,सहित समस्त स्टाफ मरीज मौजूद रहे।

# बजाज हिंदुस्थान शुगर मिलों में भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन कराया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला, पलिया व खंभारखेड़ा में भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धूमधाम से किया गया। पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। संपूर्ण सृष्टि के निर्माणकर्ता भगवान विश्वकर्मा की परंपरागत पूजा चीनी मिल के वर्कशॉप में विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुई। मंदिर के पुजारी सुधीर बिजलवान ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी-देवताओं का आवाहन कर पूजा-अर्चन कराया। इस दौरान चीनी मिल के यूनिट हेड नीरज बंसल ने विभिन्न मशीनों की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। हवन में मिल के अवनी पांडेय, के.के. तिवारी, प्रेम शंकर चतुर्वेदी, पी.सी. गुप्ता, संदीप कटियार, आर.के. मिश्र, मनीष द्विवेदी, रितेश दूबे सहित कर्मचारी संगठन पदाधिकारियों ने आहुति डाली। तत्पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## गोला पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत गोला पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा धारा 25 आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त राकेश भार्गव पुत्र मुरली निवासी ग्राम रसूलपनाह थाना गोला, धारा 354/ 394/302/411 में वांछित अभियुक्त संदीप उर्फ दीपू पासी पुत्र रामाआधार पासी निवासी लालनगंज मजरा भुडवारा थाना गोला, तथा धारा 125 (3) सीआरपीसी में वांछित अभियुक्त विवेक कुमार पुत्र जसराम निवासी ग्राम बहारगंज थाना गोला को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेज दिया गया है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर गोला सीएचसी में चिकित्सा शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला परिसर में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वस्थ नारीऽसशक्त परिवार सप्ताह के अंतर्गत चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय भल्लिया बुजुर्ग के चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार प्रदान किया।

उन्होंने कुल 30 पुरुष और 24 महिला मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इसी क्रम में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गोला के चिकित्साधिकारी डॉ. डाल चन्द्रा ने भी मरीजों का परीक्षण किया। उन्होंने 37 पुरुष और 36 महिला मरीजों की जांच कर उपचार किया। शिविर में आए मरीजों को आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के लाभों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न चिकित्सा शिविरों, जागरूकता कार्यक्रमों और सेवा कार्यों के जरिए जनता को स्वास्थ्य संबंधी लाभ पहुंचाना ही इस अभियान का उद्देश्य है। शिविर में मरीजों ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अंत में सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

# ओवरब्रिज अधूरा, सड़कें खराब—फिर भी टोल टैक्स वसूली पर भाकियू का विरोध

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने नेशनल हाईवे 730 पर निर्माणाधीन फरधान रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज के अधूरा होने तथा सड़कें टूटी होने के बावजूद टोल टैक्स वसूली को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए बुधवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी गोला युगांतर त्रिपाठी को सौंपा। भाकियू (अ.) के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने ज्ञापन में कहा कि नेशनल हाईवे 730 फरधान में टोल टैक्स वसूली प्रारंभ कर दी गई है, जबकि गोला रेलवे क्रॉसिंग और फरधान रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवरब्रिज अब तक पूर्ण नहीं हुए हैं और सड़कें भी जर्जर अवस्था में हैं। ऐसी स्थिति में बगैर सुविधा प्रदान किए टोल टैक्स वसूला जाना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने पांच दिनों के भीतर टोल प्लाजा बंद नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन (अ.) के कार्यकर्ता नेशनल हाईवे 730 को जाम कर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। यूनियन ने मांग की कि नेशनल हाईवे पर सभी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराए जाने के बाद ही टोल टैक्स वसूला जाए। इस अवसर पर गोला तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, जिला सचिव प्रसन्नदीप सिंह, बांकेगंज ब्लॉक अध्यक्ष राहुल वर्मा, रेशम सिंह, संजय सिंह, रंजीत कुमार, महेंद्र कुमार सहित संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

गोला गोकर्णनाथ खीरी। अलीगंज मार्ग पर ऊँची भूड़ स्थित नूरी मस्जिद के पास मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। लगभग 70 वर्षीय महिला सदरून निशा पत्नी स्व. फैय्याज मिस्त्री, निवासी मोहल्ला नीची भूड़, गोला, गोरखपुर-पीलीभीत जा रही गोमती एक्सप्रेस (15009) की चपेट में आकर मौत का शिकार हो गईं। जानकारी के मुताबिक, सदरून निशा भूतनाथ क्रॉसिंग के पास अपनी बेटी के घर जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोग उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, मृतका सदरून निशा का गुजारा लोगों से रुपये-पैसे मांगकर चलता था। उनके पति फैय्याज मिस्त्री का पहले ही निधन हो चुका था। उनका एक पुत्र इकबाल बताया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मैलानी सीएचसी में फल वितरण किए गए



मैलानी खीरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नगर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैलानी में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष पति भवानी शंकर माहेश्वरी एवं भाजपा उपाध्यक्ष गुरमीत कौर ने मरीजों, और महिलाओं व बच्चों को फल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा और समर्पण भाव से प्रेरणा लेकर नगर में सेवा कार्य संचालित किए जा रहे हैं। फल वितरण से मरीजों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएँ और बच्चे शामिल हुए। सभी ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी की और उपस्थित लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 19 सितंबर से क्रमिक अनशन का किया ऐलान

लखीमपुर खीरी। जिला कांग्रेस मुख्यालय पर 1 सितंबर को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं द्वारा की गई कथित तोड़फोड़, लूटपाट एवं महापुरुषों के चित्रों के अपमान के विरोध में अब तक पुलिस द्वारा कोई विधिक कार्यवाही न किए जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है।कांग्रेसजनों का कहना है कि घटना के बाद से ही एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया, धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन सौंपे गए और वरिष्ठ नेताओं का प्रतिनिधिमंडल भी उच्च अधिकारियों से मिल चुका है। इसके बावजूद पुलिस ने केवल आश्वासन दिया है, कार्रवाई नहीं। इस पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के दिशा-निर्देश पर 19 सितंबर से जिला कांग्रेस भवन प्रांगण में अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। 19 सितंबर, शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन में सहभागिता निभाने की अपील की गई है। कांग्रेस नेतृत्व ने बताया कि प्रतिदिन क्रमिक अनशन पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित पदाधिकारी गण बैठेंगे, जिसकी विस्तृत सूची शीघ्र घोषित की जाएगी।

# अरविंद कुमार फौजी को समाज सेवा का जुनून, किया रक्तदान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। जिले की सदर कोतवाली में तैनात पुलिस के बहादुर जवान अरविंद कुमार फौजी ने समाज सेवा की मिसाल कायम की है।पहले देश की सेवा की अब समाज सेवा में कांवड़ियों की सेवा के साथ ही लोगों को अपना खून देकर जान बचाने वाले इस महानायक ने मिशाल कायम की है। बताते चलें देश के इस सपूत ने 14 जून को अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदान किया, जिसमें अमर उजाला परिवार की तरफ से प्रशस्ति पत्र सौंपा गया।वहीं तीन माह बाद दूसरी बार अरविंद कुमार फौजी ने राज्य रक्त संरक्षण परिषद यूपी में दूसरी बार रक्तदान कर लोगों को जीवनदान दे रहे हैं। अरविंद कुमार फौजी पुलिस डियूटी के अलावा अपने सामाजिक कार्यों के लिए भी पहचानें जाते हैं, जरूरतमन्दो की मदद के अलावा सावन माह में कावड़ियों को शीतल जल,फल वितरण करने के साथ जख्मों पर मरहम पट्टी कर मानवता दिखाते हैं।इससे लोगों के मन में एक अलग पहचान बनाने वाले अरविंद कुमार रक्तदान शिविरों में जाकर रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने में मदद करते हैं।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट: सिंगाही में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

सिंगाही खीरी। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अभियान के तहत कस्बे के मैरिज हाल और सिंगाही बेलरायां रोड के किनारे विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम और वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बरगद, सहजन, जामुन, आम और आंवला जैसे पौधे लगाकर इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जीवनदायनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्रोत वृक्ष हैं और इसकी आवश्यकता सभी को समझनी होगी। वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह ने पौधरोपण के संरक्षण के लिए सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि मानव जीवन वृक्षों पर ही निर्भर है। उन्होंने कहा कि यदि वृक्ष नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन संकट में पड़ जाएगा, इसलिए जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च जरूरत है। इस अभियान में प्रधान प्रतिनिधि यदुवेंद्र अवस्थी, शिवराज कनौजिया और नगर पंचायत के कर्मचारी सुरेंद्र सिंह भी मौजूद थे।

# ढकवा पुलिस की सक्रियता से परिवार को मिला युवक, परिजनों को सौंपा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव सकेथू निवासी युवक भुवनेश पुत्र चतुर्भुज (23) 13 सितंबर को अपने घर से मां को बताकर निकला था। रास्ते में उसका बैग और मोबाइल चोरी हो गया, जिससे वह अपने परिवार के संपर्क से बाहर हो गया। परिवार ने 16 सितंबर को डायल 112 पर गुमशुदगी की सूचना दी। केशवापुर बाजार में कुछ लोगों ने भुवनेश को पहचान लिया और वहां उपस्थित पुलिस फोर्स को सूचित किया। चौकी इंचार्ज महादेवी, कांस्टेबल संजय कुमार, शिवेंद्र यादव और तरुण कुमार ने तत्परता दिखाते हुए भुवनेश को ढकवा चौकी ले आई और उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। इस तरह की पुलिस सक्रियता से परिवारों को अपने खोए हुए प्रियजनों से पुनः मिलने का अवसर मिलता है, जैसा कि बलिया पुलिस की एक अन्य घटना में देखा गया, जहां उन्होंने एक व्यक्ति को इद्वथभ्ध्द्व से डिलीवरी न हुए एसी की धनराशि वापस दिलवाई।

## दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन में तेंदुए का आतंक, बछड़े को बनाया निवाला

सिंगाही खीरी। दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की बेलरायां रेंज के नौरंगाबाद बीट के फरदहिया गांव में तेंदुए की आमद से लोग डरे सहमे हुए हैं। बुधवार सुबह तेंदुए ने एक बछड़े को अपना निवाला बना डाला, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, तेंदुआ बुधवार सुबह पूरब बाबा कुटी के पास गन्ने के खेत में घुस गया और एक बछड़े को मार डाला। इसके बाद तेंदुआ पास के दूसरे गन्ने के खेत में चला गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद रेंजर भूपेंद्र सिंह और वन दारोगा राकेश गुप्ता मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने तेंदुए की निगरानी के लिए कांबिंग अभियान शुरू किया है और पिंजरा लगाने की अनुमति मांगी गई है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। गौरतलब है कि इसी गांव में चार दिन पहले बरम बाबा मंदिर के पास तेंदुए ने भेड़िए के झुंड पर हमला बोला था और एक भेड़िए को मार डाला था। वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# उपजिलाधिकारी गोला को एआईएमआईएम प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

- प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली की सुरक्षा की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। गोला विधानसभा में एआईएमआईएम ''ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन,,पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद नसीम के निर्देशन में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी गोला को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर अध्यक्ष अफरोज खान के नेतृत्व में जिला महासचिव आजाद खान, मोहम्मद अशफाक,रंजीत कुमार,दुर्गेश सोनी, विधानसभा उपाध्यक्ष कलीमुल्ला, सलीम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ओमप्रकाश राजभर ''कैबिनेट मंत्री,अरविंद राजभर,अरुण राजभर और अनिल राजभर (राज्य मंत्री) द्वारा सोशल मीडिया और टीवी चैनलों के माध्यम से लोगों को उकसाया जा रहा है। एआईएमआईएम नेताओं ने कहा कि इन लोगों की साजिश के तहत शौकत अली को गोली मारने,सार्वजनिक तौर पर अपमानित करने और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को अवगत कराया कि यदि समय रहते इन व्यक्तियों और उनके समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में शौकत अली के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने साफ कहा कि यदि कोई घटना घटती है तो इसकी जिम्मेदारी उन्हीं पर होगी जिनके नाम ज्ञापन में दिए गए हैं।

कानूनी कार्रवाई की मांग ज्ञापन में मांग की गई है कि सभी आरोपितों के सोशल मीडिया अकाउंट्स को रोका जाए और उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही, एआईएमआईएमनेताओं ने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि शौकत अली साहब की सुरक्षा में कोई चूक न हो।

## खाद की समस्या को लेकर दूसरे दिन भी किसानों ने लगाया जाम

**नरैनी/बांदा।** बुधवार को फिर किसानों ने रोड जाम कर दी।एक घण्टे तक जाम लगा रहा।दूसरे दिन भी ग्राम न्यायालय के जज की गाड़ी जाम में फंस गई।कोतवाली पुलिस ने किसानों को समझाकर एक घण्टे बाद जाम खुलवाया। पनगरा साधन सहकारी समिति में यहा के सचिव पवन तिवारी द्वारा गलत सूचना चस्पा करने से नाराज किसानों ने मंगलवार को भी रोड जाम कर दी थी।बुधवार को सुबह 10 बजे तक समिति का ताला नही खुला जिससे किसान आंदोलित हो गए। एक सैकड़ा से अधिक महिला पुरुष किसानों ने बांदा नरैनी मुख्य मार्ग पर बैठ कर रोड जाम कर दी।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | MPS-AY-25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Multi-Purpose Stall (BPL Category) at Ayodhya Dham Station of Lucknow Division for a period of five (05) years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12-09-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29-09-2025 at 10:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 29-09-2025 at 10:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2854/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चक्रवर्ती पहली बार टी20 गेंदबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी




दुबई। स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पहली बार आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं। चक्रवर्ती ने एशिया कप में यूएई के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। आईसीसी ने एक बयान में कहा ,'' भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार अच्छे प्रदर्शन का ईनाम मिला है और वह आईसीसी पुरूष टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हो गए हैं। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए। बुमराह चार पायदान चढकर 40वें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं में हार्दिक पंड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढकर 14वें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शीर्ष पर बने हुए हैं जिन्होंने कैरियर के सर्वोच्च 884 रेटिंग अंक हासिल कर लिये। शुभमन गिल 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तिलक वर्मा दो स्थान खिसककर चौथे और सूर्यकुमार यादव एक स्थान खिसककर सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे स्थान पर हैं।

# सर्वेश कुशारे ने रचा इतिहास, पुरुष ऊंची कूद फाइनल में छठे स्थान पर रहे

एजेंसी



नई दिल्ली। टोक्यो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत के सर्वेश कुशारे ने पुरुष ऊंची कूद स्पर्धा के फाइनल में नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (पर्सनल बेस्ट) दर्ज करते हुए संयुक्त रूप से छठा स्थान हासिल किया। कुशारे ने अपने आखिरी प्रयास में 2.28 मीटर की ऊंचाई पार की, जो उनके करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। हालांकि पदक की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें राष्ट्रीय रिकॉर्ड (2.29 मीटर) तोड़ते हुए 2.31 मीटर पार करना जरूरी था, लेकिन तीनों प्रयासों में वे ऐसा करने में असफल रहे। इसी ऊंचाई पर अमेरिका के टायस विल्सन ने भी अपना सीज़न बेस्ट दर्ज किया और कुशरे के साथ छठे स्थान पर रहे। टूर्नामेंट का स्वर्ण पदक न्यूजीलैंड के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन हेमिश केर ने 2.36 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर जीता। दक्षिण कोरिया के सांगह्योक वू ने 2.34 मीटर के साथ रजत पदक, जबकि चेकिया के जान स्टेफ़ेला ने 2.31 मीटर कूदकर कांस्य पदक अपने नाम किया। क्वालिफिकेशन राउंड में कुशारे ने 2.25 मीटर की छलांग लगाकर इतिहास रचा था। वे वर्ल्ड चैंपियनशिप के ऊंची कूद फाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट बने।

## संक्षिप्त समाचार

### अगर लिवरपूल में पदक नहीं मिलता तो फिर कोशिश नहीं करती : पूजा रानी

**नयी दिल्ली।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी। लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला। तोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने पीटीआई से कहा ,'' इस बार भी मैने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी। उन्होंने कहा ,'' मैं हमेशा अपना शत प्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैने पिछले चार पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं। चार बार एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीत चुकी पूजा सेमीफाइनल में इंग्लैंड की एमिली एस्कीथ से हार गई लेकिन कांस्य पदक जीता। उन्होंने कहा ,'' मैं बहुत खुश हूं। यह मेरी चौथी विश्व चैम्पियनशिप थी और मैने पहली बार पदक जीता। यह खास है। कुछ साल पहले कंधे की चोट और एक बड़े टूर्नामेंट से ठीक पहले हाथ जलने के कारण पूजा के कैरियर पर खतरा पैदा हो गया था लेकिन उसने तोक्यो ओलंपिक से पहले वापसी की। उसने 2019 और 2021 एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीते हालांकि तोक्यो में वह 75 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गई। फिर मई 2022 में पिता के निधन के बाद उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप खेली लेकिन ब्रेक ले लिया। फिर 2023 की शुरूआत में उनका विवाह हुआ और एक साल बाद रिंग पर लौटकर उन्होंने राष्ट्रीय खिताब जीता। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में जगह बना चुकी थी। पूजा ने पिछला एक साल 75 किलो से 80 किलो में जाने पर लगाया। अब उनकी नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक चक्र पर है। उन्होंने कहा ,'' मैं सोच रही हूं कि अब 70 किलोवर्ग में चली जाऊं।

### एशिया कप का बहिष्कार नहीं करेगा पाकिस्तान लेकिन पाइक्रॉफ्ट मामले में दूसरा पत्र आईसीसी को भेजा

**दुबई।** पाकिस्तान ने एशिया कप के बहिष्कार की धमकी वापिस ले ली है लेकिन मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को लेकर उसका ऐतराज बरकरार है और पीसीबी ने टीम के बाकी मैचों में जिम्बाब्वे के इस मैच रैफरी की जगह रिची रिचर्डसन को जिम्मेदारी देने की मांग की है। समझा जाता है कि मंगलवार की देर शाम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी को एक और ईमेल लिखकर पाइक्रॉफ्ट को उसके सारे मैचों से हटाने की मांग की है जिसे अभी तक आईसीसी ने माना नहीं है। पाइक्रॉफ्ट को पाकिस्तान और यूएई के बीच आज शाम को होने वाले मैच में भी रैफरिंग करनी है। विवाद की शुरूआत तब हुई जब कप्तान सूर्यकुमार यादव समेत भारतीय टीम ने रविवार को मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा मैच के बाद पुरस्कार समारोह में नहीं आये। पीसीबी ने इस विवाद के लिये पाइक्रॉफ्ट को दोषी ठहराते हुए कहा कि उन्होंने सलमान से कहा कि सूर्यकुमार से हाथ नहीं मिलाये और दोनों कप्तानों को टीम शीट का आदान प्रदान भी नहीं करने दिया। सूर्यकुमार ने कहा था कि पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाने का फैसला पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़तों और आपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाली भारतीय सेना के प्रति एकजुटता दिखाने के लिये लिया गया था। पाकिस्तान ने भारतीय खिलाड़ियों पर खेल भावना का पालन नहीं करने और पाइक्रॉफ्ट पर भेदभाव का आरोप लगाया। इसके बाद टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी भी दी और पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की जिसे आईसीसी ने खारिज कर दिया। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक 'डॉन' ने पीसीबी के एक सूत्र के हवाले से लिखा है कि पाकिस्तान टीम निदेशक नवीद अकरम चीमा ने बताया है कि पाइक्रॉफ्ट बीसीसीआई के निर्देशों पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया ,'' पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने डॉन डॉट कॉम को सोमवार को बताया कि चीमा ने टूर्नामेंट निदेशक एंडी रसेल से मिलकर अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने यह भी कहा कि मैच रैफरी बीसीसीआई के निर्देशों पर काम कर रहे थे।

### सात्विक और चिराग चाइना मास्टर्स अंतिम 16 में, लक्ष्य बाहर

**शेनजेन (चीन)।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग ने मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 42 मिनट में 24-22, 21-13 से हराया। वहीं हांगकांग ओपन फाइनल में हारने वाले लक्ष्य टोमा जूनियर पोपोव से 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हार गए। इसके साथ ही पुरूष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई चूंकि आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हार गए थे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 19-21, 13-21 से हार गई। महिला एकल में पी वी सिंधू प्री क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी।

### मार्सिले के गोलकीपर को सिर से टक्कर मारने के लिए रीयाल मैड्रिड के कार्वाजल को लाल कार्ड

**मैड्रिड।** चैंपियन्स लीग के एक मैच में मार्सिले के गोलकीपर गेरोनिमो रूली को सिर से टक्कर मारने के बाद रीयाल मैड्रिड के अनुभवी डिफेंडर दानी कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैड्रिड के कॉर्नर किक लेने से पहले कार्वाजल और रूली के बीच बहस हो रही थी और तभी डिफेंडर गोलकीपर के करीब गया और उसके चेहरे पर अपना सिर दे मारा। रैफरी ने कार्वाजल की हरकत नहीं देखी लेकिन मार्सिले के खिलाड़ियों ने तुरंत शिकायत की। वीडियो रिव्यु देखने के बाद रैफरी ने 72वें मिनट में कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाया।

## बिली जीन किंग कप पाओलिनी ने दिलाई इटली को सेमीफाइनल में जगह

शेनझेन। मौजूदा चैंपियन इटली ने मेज़बान चीन को 2-0 से हराकर बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व की नंबर 8 खिलाड़ी जैस्मिन पाओलिनी ने रोमांचक मुकाबले में वांग शिन्यू को 4-6, 7-6(4), 6-4 से मात देकर इटली की जीत सुनिश्चित की। पाओलिनी दूसरे सेट में 3-5 से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए टाईब्रेकर जीता और तीसरे सेट में भी दबाव झेलते हुए मुकाबला अपने नाम किया। इससे पहले, एलिसाबेटा कोच्चियारेट्टो ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए युआन युए को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। वह एक सेट और निर्णायक सेट में 0-4 से पिछड़ने के बावजूद वापसी कर जीत हासिल करने में सफल रहीं। दोनों मैच लगभग तीन-तीन घंटे तक चले। सेमीफाइनल में इटली का मुकाबला बुधवार को होने वाले स्पेन और यूक्रेन के बीच क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।

# अफगानिस्तान और श्रीलंका की नजरें सुपर 4 में जगह बनाने पर

एजेंसी



अबुधाबी। अफगानिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ बृहस्पतिवार को एशिया कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मुकाबले में खुलकर आक्रामक खेल दिखाना होगा। बांग्लादेश से हारने के बाद अफगानिस्तान को सुपर चार में जगह बनाने के लिये श्रीलंका को हर हालत में हराना होगा। इसमें जीतने पर उसके श्रीलंका और बांग्लादेश के समान चार अंक होंगे लेकिन उसका रन रेट ( 2.150) बांग्लादेश (माइनस 0.270) से बेहतर है जिसके सारे लीग मैच हो चुके हैं। टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद राशिद खान की कप्तानी वाली टीम से काफी उम्मीदें हैं लेकिन एशिया कप में अभी तक वह अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी है। अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार की रात 155 रन का लक्ष्य हासिल करना था लेकिन वह नाकाम रही। राशिद ने मैच के बाद कहा था ,'' हम उस तरह का आक्रामक क्रिकेट नहीं खेल पाये हैं जिसके लिये हम मशहूर हैं। हमने खुद पर काफी दबाव बनने दिया। हमारे गेंदबाजों ने उन्हें 160 रन के नीचे रोक दिया लेकिन बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेले। उन्होंने कहा ,'' टी20 क्रिकेट में कई बार पहले छह ओवर में ही मैच हाथ से निकल जाता है लेकिन आपको वापसी करनी होती है। वहीं अपने दोनों मैच जीत चुकी श्रीलंकाई टीम भी बेहतर बल्लेबाजी करना चाहेगी। कप्तान चरित असलांका ने स्वीकार किया कि उन्हें हार से चोटिल अफगानिस्तान के खिलाफ अधिक पेशेवर प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा ,'' हम पेशेवर हैं और हमें बेहतर खेलना होगा। उनके बल्लेबाजों को अफगानिस्तान के स्पिनरों से कड़ी चुनौती मिलेगी जबकि अफगानिस्तान को भी उनके रहस्यमयी स्पिनर वानिंदु हसरंगा को खेलना होगा। श्रीलंका के शीर्षक्रम के बल्लेबाज पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा भी अच्छे फॉर्म में हैं।

### टीमें

श्रीलंकाः चरित असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

अफगानिस्तानः राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी।

## यूएस ओपन विजेता आर्यना सबालेंका चोट के कारण चाइना ओपन से हटीं

नई दिल्ली। बेलारुस की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी और यूएस ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका ने चोट के कारण चाइना ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। आयोजकों ने बुधवार को उक्त जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन और चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली बेलारूसी खिलाड़ी पिछले साल बीजिंग में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुँची थीं। सबालेंका ने आयोजकों द्वारा दिए गए एक बयान में कहा, ''यूएस ओपन के बाद लगी एक छोटी सी चोट के कारण मुझे इस साल चाइना ओपन से हटने की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, ''मैं साल के बाकी समय में पूरी तरह स्वस्थ रहने पर ध्यान केंद्रित करूँगी। अमेरिकी कोको गॉफ़ चाइना ओपन की गत विजेता हैं, जो 24 सितंबर से 5 अक्टूबर तक बीजिंग के नेशनल टेनिस सेंटर में आयोजित होगा।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में गिरावट

एजेंसी



नई दिल्ली, 17 सितंबर (हि.स.)। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 610 रुपये से लेकर 660 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। दूसरी ओर चांदी आज 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। सोने की कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,11,710 रुपये से लेकर 1,11,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 1,02,400 रुपये से लेकर 1,02,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,11,860 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,11,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,11,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,11,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,02,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,11,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,11,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,02,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ब्रिटेन में खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में 3.8 प्रतिशत पर स्थिर

लंदन। ब्रिटेन में अगस्त महीने के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति 3.8 प्रतिशत पर स्थिर रही। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। इस आंकड़े के बाद बैंक ऑफ इंग्लैंड बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने का फैसला कर सकता है। अगस्त में रेपो दर को घटाकर चार प्रतिशत किया गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) की तरफ से जारी अगस्त महीने के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतें लगातार पांचवें महीने बढ़ीं, जबकि हवाई किराये में जुलाई के मुकाबले तेज गिरावट आई। हालांकि, खुदरा मुद्रास्फीति अब भी ब्रिटिश केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत लक्ष्य से लगभग दोगुनी है लेकिन अर्थशास्त्रियों के अनुमानों के उलट बढ़ी नहीं है। ब्रिटेन की वित्त मंत्री राचेल रीव्स ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े आने के बाद उम्मीद जताई कि आने वाले वर्ष में मुद्रास्फीति लक्ष्य के करीब रहेगी जिससे उपभोक्ताओं की महंगाई-जनित मुश्किलें कुछ कम होंगी।

# जीएसटी युक्तिसंगत से हरित ऊर्ज़ा को मिलेगी गति 1.5 लाख करोड़ रुपये तक की हो सकती बचत

एजेंसी

नयी दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने से देश में स्वच्छ ऊर्ज़ा बदलाव को गति मिलेगी और लक्ष्य के मुताबिक 2030 तक 300 गीगावाट क्षमता और जोड़ने पर 1.5 लाख करोड़ रुपये तक की बचत हो सकती है। यह भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्ज़ा प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को देखते हुए महत्वपूर्ण है। 31 अगस्त, 2025 तक बड़े जलविद्युत संयंत्रों को छोड़कर लगभग 193 गीगावाट स्थापित नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता थी। इसमें 123 गीगावाट सौर ऊर्ज़ा और लगभग 53 गीगावाट पवन ऊर्ज़ा शामिल है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बयान में कहा कि भारत की 2030 तक लगभग 300 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता जोड़ने की योजना है, ऐसे में लागत में दो से तीन प्रतिशत की मामूली कमी से भी 1.0 से 1.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। बयान के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्ज़ा मूल्य श्रृंखला में जीएसटी दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने से स्वच्छ ऊर्ज़ा परियोजनाओं की लागत कम होगी। इससे बिजली अधिक किफायती होगी और घरों, किसानों, उद्योगों तथा परियोजनाएं विकसित करने वाली कंपनियों को सीधा लाभ होगा। उदाहरण के लिए, ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजना की पूंजीगत लागत आमतौर पर लगभग 3.5-4 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट होती है। अब इसमें 20 से 25 लाख रुपये प्रति मेगावाट की बचत होगी। पांच सौ मेगावाट के सौर पार्क के पैमाने पर, परियोजना लागत में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमी आएगी, जिससे शुल्क प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# आयकर विभाग ने मुंबई में मैरिको के कार्यालयों और कारखानों का किया सर्वेक्षण

एजेंसी




मुंबई। आयकर विभाग की मुंबई जांच शाखा ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको लिमिटेड के विभिन्न कार्यालयों, प्रमुख डीलरों और कारखानों का सर्वेक्षण किया है। यह सर्वेक्षण कार्रवाई कुछ विदेशी फंडिंग लेनदेन की जांच से जुड़ी है। हालांकि, मैरिको ने अभी तक इस मामले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेज और लेनदेन की जांच कर रही हैं। सर्वेक्षण अभियान के तहत आयकर विभाग जांच के दायरे में आई इकाई के व्यावसायिक परिसरों का औचक निरीक्षण करता है। जांच के बारे में अधिक जानकारी का इंतजार है। मुंबई स्थित मैरिको लिमिटेड एक प्रमुख भारतीय उपभोक्ता वस्तु कंपनी है, जो पैराशूट, सफोला और सेट वेट जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के तहत हेयर केयर, स्किन केयर, खाद्य तेल, हेल्दी फूड और पुरुषों के सौंदर्य प्रसाधन जैसी श्रेणियों में उत्पाद पेश करती है। कंपनी इनका निर्माण, विपणन और बिक्री करती है।

# जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में २ लाख करोड़ आएंगे, लोगों के पास होगा ज्यादा पैसाः सीतारमण

एजेंसी




विशाखापत्तनम। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से अर्थव्यवस्था में 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। इससे लोगों के हाथ में अधिक नकदी होगी, जो अन्यथा करों में चली जाती। वित्त मंत्री ने यहां आयोजित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर आउटरीच और इंटरेक्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न व्यापार निकायों के व्यापारियों और व्यापार प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था में जिसमें केवल दो स्लैब (5 और 18 फीसदी) हैं, इससे अर्थव्यवस्था में 2 लाख करोड़ रुपये आएंगे। लोगों के पास नकदी होगी। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कर सुधारों के बाद 12 फीसदी जीएसटी स्लैब के तहत आने वाली 99 फीसदी वस्तुएं अब 5 फीसदी के स्लैब में आ गई हैं। इस बदलाव के परिणामस्वरूप 28 फीसदी कर स्लैब के अंतर्गत आने वाली 90 फीसदी वस्तुएं 18 फसदी के स्लैब में आ गई हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डिग्री हासिल करने वाले छात्रों पर उनके अभिभावकों व गुरुओं का विशेष योगदान : राज्यपाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। आज जितने भी छात्रों को सम्मान के रूप में डिग्री प्राप्त हुई है। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत और माता-पिता व गुरुओं का विशेष योगदान है। देश की तरक्की में युवाओं का विशेष योगदान है। इसके अलावा छात्रों को अधिक से अधिक किताबी ज्ञान की भी आवश्यकता है। क्योंकि बच्चे जितना पढ़ेंगे उतना ही अपने देश को करीब से जानेंगे। यह बातें बुधवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में आयोजित 40वे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कही। दीक्षांत समारोह के अंतर्गत 59 छात्रों को पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा विश्वविद्यालय से एमए संगीत विषय से पढ़ाई करने वाली छात्रा कोमल ने कुलाधिपति स्वर्ण पदक सहित छह पदक प्राप्त किये हैं।



इस सम्मान को प्राप्त कर उन्होंने अपने गुरुओं और माता-पिता का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में वह माया नगरी मुम्बई का रुख करते हुए प्लेबैक सिंगिंग में अपना भविष्य बनाएंगी। गोरखपुर निवासी मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस यूजी की शिक्षा प्राप्त करने वाले आयुष सिंह को भी स्वर्ण पदक मिला। इसके लिए उन्होंने सारा श्रेय अपने पिता को दिया है। मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि छात्रों को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जरूर सुनना चाहिए। क्योंकि उन्होंने कई बार छात्रों को अपनी बातों से काफी उत्साहित किया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में भारत ने विश्वस्तर पर अपनी एक अलग पहचान हासिल की है। जिसमें छात्राओं का विशेष योगदान रहा है। हम आशा करते हैं कि आने वाले समय में देश से ऐसे होनहार छात्र निकलें जिनका लोहा हिंदुस्तान में ही नहीं बल्कि विश्व भर में माना जाए। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने सम्मानित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उन सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। जिन्हें आज यह सम्मान प्राप्त हुआ है। अपनी कड़ी मेहनत और शिक्षा के प्रति ईमानदारी की वजह से उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है। इसी तरह से छात्र जीवन में आगे बढ़ते रहें, जिससे उन्हें तरक्की मिलती रहे।

## गौतमबुद्ध नगर में दो किशोरियां लापता, परिजनों ने केस दर्ज कराया

**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो किशोरियां लापता हो गई हैं। इस मामले में मंगलवार की रात को परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया है। थाना ईकोटेक के थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि लोटस विला सोसाइटी में रहने वाले पीड़ित परिवार ने मंगलवार की रात बेटी के लापता होने के मामले में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। परिजनों के मुताबिक 14 सितम्बर की दोपहर तीन बजे उनकी बेटी घर में किसी को बिना कुछ बताए कहीं चली गई। पास पड़ोस में काफी खोजबीन के बाद जब वो नहीं मिली तो सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा। उससे पता चला कि उनकी बेटी कैब में बैठकर कही जा रही है। परिवार ने आशंका व्यक्त की है कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी तरह थाना फ़ेस-दो के थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि मंगलवार की रात को एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी बेटी याकूबपुर गांव से लापता है। पीड़ित के अनुसार उसकी बेटी को राजन नाम का युवक बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर इंदिरा स्टेडियम में 15 दिवसीय भव्य चित्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर बुधवार को इंदिरा स्टेडियम में सूचना विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व, न्यू इंडिया अ2047 की परिकल्पना तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियानवित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों को भव्य चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविन्द चौहान, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन तथा भाजपा जिलाध्यक्षा उर्विजा दीक्षित ने संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के शुभारम्भ के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक, सामाजिक संगठन, व्यापारी व आमजन मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के जीवनवृत्त और सरकार की उपलब्धियों को दर्शाते चित्रों का अवलोकन कर गहरी रुचि दिखाई। युवाओं में न्यू इंडिया अ2047 के विजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रधानमंत्री के विजन और सरकार की उपलब्धियों को जनमानस तक पहुँचाने के लिए इसे सराहनीय पहल बताया। प्रदर्शनी प्रतिदिन आमजन के लिए खुली रहेगी, जहाँ नागरिक विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और जरूरतमंदों को सामग्री वितरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की ओर से बुधवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनसेवा भाव से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे यमुना तट स्थित अंत्येष्टि स्थलों पर साफ-सफाई अभियान से हुई। संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में सदस्यों ने अंत्येष्टि स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से संस्था की ओर से निरंतर ऐसे स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर 167वां चरण पूरा किया गया। इसके उपरांत समिति के सदस्यों ने यमुना तट पर प्रधानमंत्री के नाम से पौधारोपण किया। संस्था के जीवनधारा पौधारोपण अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष 5100 पौधे विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाते हैं। अब तक संस्था द्वारा 4740 पौधों का रोपण और वितरण किया जा चुका है। जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा के जिलाध्यक्ष शिवकुमार पुरवार मुख्य अतिथि और स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर पायल पोरवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दोनों ने संयुक्त रूप से पीएम मोदी के नाम का केक काटा और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ खुशी साझा की। समिति के सदस्यों ने जरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को 75 पैकेट खाद्य सामग्री, बिस्कुट और नमकीन वितरित किए। कार्यक्रम के समापन पर सुधीर कुमार ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की, जिनका उपस्थित जनों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## गौतमबुद्ध नगर में दो फर्जी जमानतदार गिरफ्तार

**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के जनपद गौतमबुद्धनगर की सूरजपुर थाना पुलिस ने बुधवार दो फर्जी जमानतदारों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ मंगलवार की रात को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय तृतीय में कार्यरत लिपिक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि यह लोग एक व्यक्ति की फर्जी तरीके से जमानत देने आए थे।

## नवाबगंज थाने में दलित मजदूर की हिरासत में मौत पर जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रयागराज के नवाबगंज थाने में दलित मजदूर हीरालाल की हिरासत में मौत को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने जवाब के लिए सरकार को दो सप्ताह का समय दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं न्यायमूर्ति संतोष राय की खंडपीठ ने अधिवक्ता मंच के मोहम्मद सईद व प्रमोद कुमार गुप्ता की ओर से हिरासत में उत्पीड़न व मौत पर दाखिल जनहित याचिका पर पक्ष एवं विपक्ष के अधिवक्ताओं को सुनकर दिया है। याचिका के अनुसार नवाबगंज थाने में गत 26 मई को नारेपार बढ़ौना, गांव निवासी दलित हीरालाल(40) की थर्ड डिग्री टॉर्चर के बाद मौत हो गई थी। आरोप है कि परिजनों को मृतक मजदूर के शव को न देखने दिया गया और उन्हें सौंपने की बजाय दारागंज घाट पर जला दिया गया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि इस मामले में मजिस्ट्रेट जांच हुई है और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मृत्यु होने की पुष्टि हुई है। याचियों के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि दलित मजदूर को उसके परिवार के सामने लाठियों से पीटा गया और उसके बाद थाने ले जाकर थर्ड डिग्री टॉर्चर भी दिया गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। जनहित याचिका में हीरालाल की मौत की न्यायिक जांच और दोषी पुलिसकर्मियों को दंडित करने तथा तीन बच्चों सहित मृतक के परिजनों को 25 लाख का मुआवज़ा प्रदान किए जाने की मांग की गई है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# अपहरणकर्ताओं के चुंगल से युवक को बचाने वाली पुलिस टीम सम्मानित

■ अपहरणकर्ताओं ने बेटे का अपहरण कर पत्थर व्यापारी से मांगे थे चार करोड़ रुपये

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गौतमबुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नरेट लक्ष्मी सिंह और अपहरणकर्ताओं से युवक को सकुशल बचाने वाली पुलिस टीम को पत्थर व्यापारी मनीष गुप्ता ने बुधवार को सम्मानित किया है। अपहरणकर्ताओं ने बेटे शशांक का अपहरण कर व्यापारी से चार करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी।



पत्थर व्यापारी मनीष गुप्ता अपने परिवार के साथ बुधवार दोपहर सेक्टर 108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को सम्मानित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया कि उनकी वजह से उनका बेटा सकुशल घर लौट पाया है। पुलिस आयुक्त की मौजूदगी में उन्होंने पूरी टीम को सम्मानित किया, जो इस कार्रवाई में लगी थी। परिवार ने इस बात की आस छोड़ दी थी कि उनके बेटा अब जीवित लौटेगा, लेकिन पुलिस की कड़ी मेहनत से आज उनका बेटा उनके साथ है। पत्थर व्यापारी ने कहा कि मैं जीवन भर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह और उनकी टीम का शुक्रगुजार रहूंगा। मालूम हो कि गाजियाबाद के पत्थर व्यापारी मनीष के बेटे शशांक का बीते मंगलवार को नोएडा के थाना दनकौर क्षेत्र से अपहरण हो गया था। उसकी कार बीते बुधवार को थाना दनकौर क्षेत्र में मिली थी। उसे हनी ट्रैप में फंसाकर अगवा किया गया था। अपहरण कर्ताओं ने परिवार से बेटे के बदले चार करोड़ रुपये की फिरौती की मांगी थी। तीन दिन पूर्व नोएडा पुलिस ने एक साहसिक मुठभेड़ के दौरान अपहरण करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा था।

# उरई डीएम ने अफवाहों को किया खारिज, बोले भंडारण पर्याप्त, किसान न हों परेशान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। उत्तर प्रदेश के जनपद उरई में खाद की समस्याओं को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने सामूहिक प्रेसवार्ता की है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि जिले में खाद का पर्याप्त भंडार है और किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसानों की सभी जरूरतों को पूरा किया जाएगा। डीएम ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि कृषि विभाग के 69,389 मेट्रिक टन खाद का भंडार मौजूद है, जिसमें डीएपी और फॉस्फेट जैसे प्रमुख उर्वरक शामिल हैं। उन्होंने कहा, किसानों को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और हर किसान को उसकी आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सिर्फ सरकारी गोदाम ही नहीं, बल्कि निजी उर्वरक विक्रेताओं के पास भी खाद का संचित भंडारण है। विभाग के इन सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों को उचित और निर्धारित मूल्य पर ही खाद की बिक्री करें। साथ ही, यह भी हिदायत दी गई है कि खाद की बिक्री के दौरान वजन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और खाद की बिक्री केवल वास्तविक किसानों को ही की जानी चाहिए। डीएम ने बताया कि खाद की उपलब्धता को लेकर उसके वितरण पर नजर रखने के लिए एक विशेष निगरानी दल बनाया गया है। किसानों की किसी भी तरह की समस्या के त्वरित निवारण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। किसान इन कंट्रोल रूम पर फोन करके अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

# वाणिज्य मंत्रालय से रिटायर्ड उपनिदेशक को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ 70 लाख की ठगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नोएडा, गौतमबुद्ध नगर। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय से उपनिदेशक के पद से रिटायर्ड एक बुजुर्ग को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके साइबर अपराधियों ने उनसे एक करोड़ 70 लाख रुपए की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि बीती रात को सेक्टर 62 के एक सोसाइटी में रहने वाले ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पास 9 सितम्बर को एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि आपका एक नंबर जो मुम्बई से पंजीकृत है, उस नंबर से लोगों को फोन करके उन्हें परेशान किया जा रहा है, तथा गाली गलौज की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस नंबर को आप बता रहे हैं वह मेरे नाम से नहीं है, न ही मैं कभी मुम्बई गया। पीड़ित के अनुसार उनसे कहा गया कि इस मामले में एक मुकदमा दर्ज है। आपको मुम्बई पुलिस से बात करनी होगी। उनके फोन को मुम्बई पुलिस के कथित अधिकारी को ट्रांसफर किया गया। पुलिस के कथित अधिकारी ने कहा कि आपके खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है जो की लम्बित है। इस मामले में आप की नरेश गोयल जेट एयरवेज के सह-संस्थापक से मनी लांड्रिंग के मामले में संलिप्तता पाई गई है, तथा आप ने केनरा बैंक में खाता खुलवाया है। जिसमें मनी लॉनड्रिंग की सम्पत्ति गई है। उन्होंने बताया कि आरोपित ने उनसे कहा कि आप तुरंत मुम्बई आ जाओ नहीं तो आपके नोएडा स्थित घर से हथकड़ी लगाकर मुम्बई लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं एक सीनियर सिटीजन हूं, तथा लंबे समय से बीमार हूं। मुम्बई नहीं आ सकता तो उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करने का विकल्प दिया गया। उन्होंने बताया कि उनसे एक व्हाट्सएप ऐप खुलवाया गया, जिस पर वीडियो कॉलिंग करने को कहा गया। उनसे कहा गया कि नरेश गोयल के मामले में आपकी विस्तृत जांच करने के लिए आपके बैंक खातों की डिटेल चाहिए। पीड़ित को झांसे में लेकर साइबर अपराधियों ने उनके खाते की जानकारी ली, तथा कहा कि आपको एक अदालत में पेश होना पड़ेगा। उनके अनुसार उन्हें वर्चुअल तरीके से एक अदालत में पेश किया गया। जहां एक व्यक्ति जज बनकर बैठा था। उसने कहा कि ओमप्रकाश श्रीवास्तव को धन-शोधन के मामले में हिरासत में क्यों नहीं लिया गया, तो कथित पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह वृद्ध व्यक्ति हैं। बीमार होने के कारण उन्हें वीडियो कांफ्रेंस के लिए अनुमति दी गई है। कथित न्यायाधीश ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जांच की अनुमति दी।

# स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और समृद्ध समाज का आधार

■ मेडिकल कॉलेज में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निकाली गई स्वास्थ्य जागरूकता रैली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और समृद्ध समाज का आधार है। यह बात सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय एवं मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता रैली को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने का संकल्प है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय एवं मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के गेट से हनुमान मंदिर, सिविल लाइंस तक निकाली गई। रैली को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाचार्य डॉ. वी.के. पांडेय ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। रैली में छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के




संयोजक एवं संकाय सदस्यों में डॉ. सूबिया अंसारी, डॉ. रीना सचान, डॉ. बादल सिंह, डॉ. अमिता यादव, डॉ. खुर्शीद परवीन, डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. विधि सिंह, डॉ. रविराज पाटिल सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष सिंह रहे। डाक्टर संतोष सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत प्रतिदिन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएँगे। स्त्री रोग व प्रसूति जाँच, कैंसर स्क्रीनिंग, हड्डी एवं पोषण मूल्यांकन।

बच्चों के लिए टीकाकरण, पोषण जाँच, एनीमिया परीक्षण। किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन, कैल्शियम, ब्लड प्रेशर व शुगर की जाँच, नेत्र परीक्षण एवं उपचार और रक्तदान शिविर, एनीमिया रोकथाम जागरूकता। सभी जाँच एवं सेवाएँ पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। जिससे महिलाओं, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, शिशुओं तथा रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा।